रोहतक, बुधवार, 19 जून 2024
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष, द्वादशी वर्ष : 28, अंक : 143
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 44.4
न्यून. 31.0

# हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



द. अफ्रीका पर अजेय बढ़त बनाने आज उतरेगी भारतीय महिला टीम

05

हरियाणा सरकार



## उपयोग नहीं तो बिल नहीं



“हमारा मूल उद्देश्य गरीब और जरूरतमंद परिवारों के उत्थान के लिए मूलभूत सुविधाओं में वृद्धि करना है। इसी कड़ी में गरीब परिवारों के घरेलू बिजली बिलों में भारी कटौती की है तथा मिनिमम चार्ज खत्म किया है।”
**- नायब सिंह**

“सरकार उपभोक्ताओं के बिजली बिल को शून्य करने का प्रयास कर रही है।”
**- नरेन्द्र मोदी**

## गरीबों के बिजली बिलों में राहत

**2% से 91% तक की भारी राहत**

### मिनिमम मासिक चार्ज (MMC) अब खत्म



## 9.5 लाख गरीब परिवारों के घरेलू बिजली बिलों में भारी राहत

1 किलोवाट तक के लोड वाले घरेलू कनेक्शनों पर ₹115 प्रतिमाह तथा 2 किलोवाट तक ₹230 प्रतिमाह का MMC अब समाप्त

| स्वीकृत लोड | मासिक खपत (यूनिट) | पुराना बिल (रुपये) | नया बिल (रुपये) | बिल में कमी | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 किलोवाट | 10 | 115 | 20 | ₹ 95 | 82.6% |
| | 20 | 115 | 40 | ₹ 75 | 65.2% |
| | 30 | 115 | 60 | ₹ 55 | 47.8% |
| | 40 | 115 | 80 | ₹ 35 | 30.4% |
| | 50 | 115 | 100 | ₹ 15 | 13.0% |
| 2 किलोवाट | 10 | 230 | 20 | ₹ 210 | 91.3% |
| | 20 | 230 | 40 | ₹ 190 | 82.6% |
| | 30 | 230 | 60 | ₹ 170 | 73.9% |
| | 40 | 230 | 80 | ₹ 150 | 65.2% |
| | 50 | 230 | 100 | ₹ 130 | 56.5% |
| | 60 | 230 | 125 | ₹ 105 | 45.7% |
| | 70 | 230 | 150 | ₹ 80 | 34.8% |
| | 80 | 230 | 175 | ₹ 55 | 23.9% |
| | 90 | 230 | 200 | ₹ 30 | 13.0% |
| | 100 | 230 | 225 | ₹ 5 | 2.2% |

**अधिक जानकारी एवं तुलना के लिए अपना नवीनतम बिजली बिल देखें**

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

## खबर संक्षेप

### नए कानूनों पर प्रशिक्षण शिविर 20 को : प्रसाद

**चंडीगढ़।** सरकार ने एक जुलाई से तीन आपराधिक कानूनों को प्रभावी ढंग से लागू करने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए अपने सभी आईएएस और एचसीएस अधिकारियों के लिए एक दिन का ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा है। मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने मंगलवार यह जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आगामी 20 जून को लोक प्रशासन संस्थान (हिपा), गुरुग्राम द्वारा आयोजित किया जाएगा। यह प्रशिक्षण सभी अधिकारियों के लिए अनिवार्य होगा। उल्लेखनीय है कि पूरे देश में जुलाई से तीन नए आपराधिक कानून नामतः भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 लागू हो रहे हैं। हरियाणा इन तीनों कानूनों को लागू करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

### आईटीआई में 21 तक कर सकेंगे ऑनलाइन आवेदन

**चंडीगढ़।** हरियाणा कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग द्वारा राज्य के सभी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र 2024-25 के लिए विभिन्न इंजीनियरिंग और गैर इंजीनियरिंग व्यवसायों में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन विभागीय पोर्टल पर 21 जून तक स्वीकार किए जाएंगे। प्रवक्ता ने बताया कि विभिन्न दाखिला चरणों हेतु मेरिट एवं सीट अलॉटमेंट जारी होने के पूर्ण कार्यक्रम बारे सूचना दाखिला वेबसाइट पर उपलब्ध करवा दी गई है। उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे अपडेट के लिए दाखिला साइट का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें।

### संस्कृत संभाषण शिविर का 20 से 28 तक

**पंचकूला।** श्री माता मनसा देवी मंदिर परिसर में स्थित संस्कृत गुरुकुल में संस्कृत संभाषण शिविर का 20 से 28 जून तक आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में हरियाणा प्रदेश के विभिन्न गुरुकलों, महाविद्यालयों, विद्यालयों से विद्यार्थी भाग लेंगे। शिविर के संयोजक डा. जितेंद्र कुमार ने बताया कि इस प्रदेश स्तरीय शिविर में शिक्षार्थियों को भारतीय ज्ञान परंपरा एवं भारतीय संस्कृति से अवगत करवाया जाएगा। यह 8 दिवसीय शिविर पूर्णत आवासीय है। प्रतिदिन एक घंटे के लिए स्थानीय लोगों को भी संस्कृत सीखने का अवसर दिया जाएगा। इसके लिए संस्कृत गुरुकुल के आचार्य स्वामी प्रसाद से संपर्क कर पंजीकरण करवाना होगा।

# 13,400 मेगावाट पहुंची बिजली की डिमांड दूसरे राज्यों से 1400 मेगावाट लेने की तैयारी

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

आखिरकार भयंकर गर्मी और लू के थपेड़ों ने हरियाणा में भी सामान्य जन जीवन को अस्त व्यस्त करके रख दिया है। इस बीच बढ़ती बिजली की मांग को लेकर हरियाणा के अफसरों द्वारा दूसरे राज्यों (जहां पर बिजली सरप्लस) से बिजली लेने की कवायद शुरु कर दी है। चुनौतीपूर्ण हालात और पहली बार रिकॉर्डतोड़ गर्मी में भी हरियाणा के अंदर बेहतर आपूर्ति है, उसके बावजूद लगातार मांग बढ़ने से बिजली निगमों के अधिकारी भी चिंतित हैं। राज्य जून और जुलाई, अगस्त, सितंबर तक के लिए उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल और मेघालय से बिजली लेकर हालात सामान्य बनाए रखने की कवायद पर काम शुरु हो गया है।

■ उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल और मेघालय से ली जाएगी बिजली

### भीषण गर्मी में बढ़ रही डिमांड

आने वाले दिनों में बिजली और पानी की आपूर्ति बनी रहे, इस पर भी राज्य की नायब सैनी सरकार का फोकस है, क्योंकि राज्य में विधानसभा के चुनाव सिर पर हैं। आंकड़ों पर गौर करें, तो प्रदेश के अंदर हर रोज बिजली की मांग बढ़ती जा रही है। जो बढ़कर 13,400 मेगावाट तक पहुंच चुकी है, पीक और लोड डिमांड बढ़ने को लेकर भी पावर सेक्टर अधिकारियों ने तैयारी शुरु कर दी है। इसके लिए दूसरे राज्यों से मदद लेकर 1400 मेगावाट बिजली का इंतजाम करने की कवायद शुरु हो चुकी है। प्रदेश में भयंकर गर्मी के बीच बिजली और पानी की आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने के लिए हरियाणा संबंधित विभाग के अधिकारियों को जूझना पड़ रहा है। खास बात यह की प्रदेश के अंदर भयंकर गर्मी और हीट वेव के कारण बिजली की खपत लगातार बढ़ रही है।

### कई राज्यों में बिजली सरप्लस

हरियाणा के अंदर बिजली की मांग बढ़कर रिकॉर्ड 13,400 मेगावाट तक पहुंच चुकी है। इस समय 14000 मेगावाट बिजली का प्रबंध राज्य के पास है और सप्लाई हो रही है हरियाणा सरकार के बिजली निगम द्वारा 1400 मेगावाट बिजली के लिए दूसरे राज्यों से संपर्क साधा जा चुका है, बताया जा रहा है कि कई राज्यों में बिजली सरप्लस है, उनसे संपर्क साधा जा रहा है। खास बात यह है कि एनसीआर के क्षेत्र में आने वाले अधिकांश जिलों में बिजली की कटौती चल रही है। कई जनप्रतिनिधि लगातार बिजली की भारी कटौती को लेकर नाराजगी भी सार्वजनिक तौर पर जाहिर करने के साथ ही अपने जिलों के अधिकारियों को बता चुके हैं।

### सितंबर तक दूसरे राज्यों से ली जाएगी बिजली



रोजाना मांग बढ़ रही है, उदाहरण के तौर पर 14 जून को मांग बढ़कर 13,562 मेगावाट तक पहुंच गई थी। उसके बाद कुछ कम हुई, जैसे अगले दिन 13,298 हुई अर्थात मौसम में थोड़ा सुधार है। निगमों द्वारा जून में 40 मेगावाट पश्चिम बंगाल से ली है। जुलाई के लिए 118.7 मेगावाट पश्चिम बंगाल, मेघालय और उत्तराखंड से ली जाएगी। अगस्त के दौरान भी इसी तरह के हालात बने रहेंगे। सितंबर में जाकर 90 मेगावाट की व्यवस्था भी प. बंगाल और उत्तराखंड से होगी। अक्टूबर में हालात काफी हद तक कंट्रोल में आ जाएंगे।

### 17 जून को सबसे ज्यादा एक दिन में 2821 लाख यूनिट की खपत


17 जून को सबसे ज्यादा यूनिट खपत हुई, जो एक दिन में 2821 लाख यूनिट है। पिछले साल इस दिन 2296 लाख यूनिट एक ही दिन में उपयोग हुई थी। अधिकारियों का कहना है कि कटों का सिलसिला बिजली की कमी के कारण नहींप्रदेश में बिजली की आपूर्ति ठीक करने के लिए बिजली निगमों द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। अभी कट नहीं लगाए जा रहे हैं, जिन जिलों में शिकायतें आ रहीं हैं, वहां चुनौतीपूर्ण मौसम आंधी तूफान और अन्य कारणों से खराबी के कारण बिजली की आपूर्ति प्रभावित हो जाती है। जिसको तय समय सीमा में सुधारने के प्रयास होते हैं।

### मुख्य सचिव बिजली और पानी की आपूर्ति पर रख रहे नजर

सरकार के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद लगातार प्रशासनिक अफसरों के साथ में बिजली पानी की आपूर्ति को लेकर बेहद गंभीर नजर आ रहे हैं। उन्होंने लगातार चल रही हीट वेव और चुनौती पूर्ण मौसम को देखते हुए लोगों से 112 पर डायल करने की अपील की है ताकि बिजली पानी को लेकर कोई दिक्कत हो दूर किया जा सके। मुख्य सचिव का कहना है कि बिजली और पानी की कमी को लेकर लोग क्षेत्र की स्थिति का अपडेट पोर्टल पर बता दर्ज करा सकते हैं। साथ ही मांग भी रख सकते हैं लेकिन मैन्युअल बात करनी की स्थिति है, तो 112 पर डायल कर वहां फीडबैक दिया जा सकता है।इस पर बात करने के बाद में जिन इलाकों में पानी का संकट होगा वहां वहां पर मुफ्त में पानी का टैंकर भेजा जाएगा। बिजली की सप्लाई बाधित हुई तो उसे दूर किया जाएगा उन्होंने यह भी कहा है कि जिले में दो-दो घंटे जिला उपायुक्त समस्याएं सुनने के लिए आदेश दिया गया है। वहां पर लोग जिला उपयुक्त और मंडलायुक्तों को अपने इलाके का फीडबैक देकर समस्या का हल करवा सकते हैं।

### प्रदेश में बिजली और पानी की किल्लत : नेता प्रतिपक्ष

**चंडीगढ़।** प्रदेश में बिजली-पानी की किल्लत से लोग परेशान है, लेकिन बीजेपी सत्ता सुख में मदहोश आंखें बंद किए बैठी है। जो पार्टी जनता की बिजली-पानी जैसी आधारभूत जरूरतों को



भी पूरा नहीं कर सकती, उसे सत्ता में बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। ये कहना है पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा का। हुड्डा प्रदेश में गहराए बिजली-पानी के संकट पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बिजली की किल्लत के चलते ना सिर्फ आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। हुड्डा ने कहा जनता को गर्मी के बीच बिजली और पानी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। जबकि कांग्रेस कार्यकाल के दौरान बिजली उत्पादन में हरियाणा सरप्लस स्टेट बन गया था। प्रदेश के पास खुद के इतने पावर प्लांट और उत्पादन क्षमता हैं कि वह प्रदेश की जरूरत पूरी करने में सक्षम है।

# प्रदेश में तीसरी बार भी सरकार बनाएंगे : सैनी

## जिलाध्यक्षों के साथ सीएम ने की बैठक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा विधानसभा चुनाव को जीतने की तैयारियों में जुट गई है। इसी कड़ी में सोमवार को चंडीगढ़ में जिला अध्यक्षों और प्रदेश प्रभारियों की दो महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठकें हुईं। हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री नायब सैनी ने दोनों बैठकों में आगामी कार्य योजनाओं की रूपरेखा तैयार की। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने भी अपने सुझाव रखे। पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को विश्वास दिलाया कि आने वाले चुनाव में भाजपा का कार्यकर्ता मजबूत इरादों और ताकत के साथ चुनाव के मैदान में उतरेगा। मुख्यमंत्री सैनी ने सभी पदाधिकारियों से विधानसभा चुनाव की रणनीति और संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा कर जरूरी दिशा निर्देश दिए। सैनी ने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत के दम पर हरियाणा में तीसरी बार भाजपा सरकार बनने जा रही है। नायब सैनी ने कहा कि कार्यकर्ता लोगों के बीच जाएं और उन्हें सरकार द्वारा किए गए कार्यों के बारे में बताएं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि प्रदेश के सभी 313 मंडलों पर योग दिवस मनाया जाएगा जिसमें भाजपा के कार्यकर्ताओं की संख्या अधिक से अधिक होनी चाहिए। बैठक में संगठन महामंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष जीएल शर्मा, प्रदेश महामंत्री मोहन लाल बड़ौली, डा. अर्चना गुप्ता, सुरेंद्र पूनिया, सांसद कृष्ण लाल पंवार सहित सभी जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी और प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित रहे।

■ लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने लोगों को झूठ बोलकर व भ्रमित कर वोट बटोरे


### भाजपा जो कहती है वह करके दिखाती है

नायब सैनी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने झूठ बोलकर लोगों को भ्रमित कर वोट बटोरे हैं। झूठ बोलकर और लालच देकर कांग्रेस लगातार जनता को ठगती रही है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता घर-घर जाएं और लोगों के सामने कांग्रेस की झूठ और छल कपट की पोल पट्टी भाजपा सरकार की योजनाओं के जरिए खोलें। सैनी ने यह भी कहा कि जनता को यह भी बताए कि भाजपा जो कहती है वह करके दिखाती है।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा से मिले मनोहर, कई मुद्दों पर चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केन्द्रीय उर्जा तथा शहरी मामले एवं आवास मंत्री मनोहर लाल ने मंगलवार को भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। उन्होंने इसे शिष्टाचार भेंट बताया। सूत्रों का कहना है कि इस दौरान दोनों नेताओं के बीच हरियाणा की राजनीति, आगामी विधानसभा चुनाव और प्रदेश में राज्यसभा की खाली हुई सीट को लेकर विचार विमर्श हुआ। इस मुलाकात की टाइमिंग को लेकर भी सियासी गलियारों में चर्चा है क्योंकि सोमवार 17 जून को नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने हरियाणा भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ लंबी बैठक की थी। इस बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा



प्रदेश भाजपा के अन्य नेताओं के साथ मनोहर लाल भी मौजूद थे। ऐसे में इस बैठक के अगले दिन ही नड्डा से मनोहर की मुलाकात को लेकर कायसों का दौर लगना स्वाभाविक है। हरियाणा में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष की नियुक्ति जल्द ही होने की संभावना है। साथ ही प्रदेश में खाली हुई एक राज्यसभा सीट पर पार्टी को अपना उम्मीदवार भी अगले कुछ दिन में चुनना है। इसके साथ ही राज्य में अक्टूबर में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं। सूत्रों के अनुसार सोमवार की बैठक में जिन मुद्दों को लेकर चर्चा हुई उन पर भी दोनों नेताओं के बीच एक बार फिर और अलग से बातचीत हुई।

# नीट की परीक्षा दोबारा करवाए सरकार : सैलजा

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री व सिरसा लोकसभा से नवनिर्वाचित सांसद सैलजा ने कहा कि लगातार उठ रहे सवालों से साफ है कि नीट परीक्षा बिल्कुल भी क्लीन नहीं है। भाजपा अगुवाई वाली केंद्र सरकार को नए सिरे से नीट का एग्जाम लेना चाहिए। जिस तरह की हेराफेरी अभी तक उजागर हुई हैं,



उससे साफ है कि केंद्र के इशारे पर लाखों छात्रों का डॉक्टर बनने का सपना चकनाचूर किया जा रहा है। एनटीए और केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय सुप्रीम कोर्ट व अभ्यर्थियों को लगातार गुमराह कर रहे हैं। सैलजा ने कहा कि नीट (यूजी)-2024 के लिए आवेदन की अंतिम तारीख 16 मार्च के 24 दिन बाद 9-10 अप्रैल को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने एक दिन के लिए रजिस्ट्रेशन की विंडो खोली तो उस पर 24 घंटे के दौरान 24246 नए आवेदन भरे गए। इन आवेदकों में से कितने क्वालीफाई हुए और कितने टॉप रैंकर्स बने, इस पर एनटीए ने जानकारी नहीं दी।

### गुप्ता ने दिया चरखी दादरी रैली का न्योता

**कुरुक्षेत्र।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने थानेदार, पेहवा और गुहला विधानसभा में कार्यकर्ताओं के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने कुरुक्षेत्र लोकसभा की जनता का आभार जताया और चरखी दादरी में 30 जून को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सुनीता केजरीवाल की रैली का निमंत्रण दिया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष विशाल खुब्बड, लीगल विंग के उपाध्यक्ष विकास तोमर और लोकसभा अध्यक्ष सुमित हिंदुस्तानी मौजूद रहे। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि आज बैठक में लोकसभा चुनाव की समीक्षा की और मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। आने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर 30 जून को चरखी दादरी में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सुनीता केजरीवाल आ रही हैं।




सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :–

SW/JSO/1367

हमकि (1) अनुराग पुत्र जसवन्त सिहं पुत्र दल्लेराम उर्फ दुलेराम (2) राजेश पुत्र जसवन्त पुत्र दुलेराम उर्फ दल्लेराम (3) मीना कुमारी विधवा स्वयं एवं माता नैसर्गिक संरक्षक नाबालिगान (4) निष्ठा (नाबालिग) पुत्री व (5) विशेष गुलिया (नाबालिग) पुत्र दुष्यंत पुत्र जसवन्त सिहं, निवासीगण गांव बामडौला एवं बिस्वेदारान गांव मुनीमपुर कुकडौला, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे जमाबन्दी वर्ष 2018–19 व इंतकाल न0 3483 विरासत, 3553 त0म0 के अनुसार खेवट न0 528/339, खाता न0 555, मु0 न0 78, किला न0 17/2 (0–18), 23(8–0), 24(8–0), मु0 न0 90, किला न0 3(3–16), 4(6–7), किते 5, तादादी रकबा 27 कनाल 1 मरला (3.38125 एकड़) सालम भाग (जिसमें अनुराग 161/541 भाग व राजेश 160/541 भाग व मीना कुमारी – निष्ठा हर दो समभाग 110/541 भाग व विशेष गुलिया 110/541 भाग) वाका रकबा मौजा मुनीमपुर कुकडौला, तहसील बादली, जिला झज्जर के मालिकान व काबिजान हैं जिसका तबादला प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल को उपरोक्त समस्त भूमि तादादी रकबा 27 कनाल 1 मरला (3.38125 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

SW/JSO/1368

मनकि रविदत दत्तक पुत्र चन्दगी पुत्र मुखराम, निवासी एवं बिस्वेदार गांव बामडौला, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे जमाबन्दी वर्ष 2019–20, के अनुसार खेवट न0 538मिन/399, खाता न0 548मिन, मु0 न0 71, किला न0 23(7–19), किता 1, तादादी रकबा 7 कनाल 19 मरले (0.99375 एकड़) सालम भाग, वाका रकबा मौजा बामडौला, तहसील बादली, जिला झज्जर का मालिक व काबिज है जिसका तबादला प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल को उपरोक्त समस्त भूमि तादादी रकबा 7 कनाल 19 मरले (0.99375 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नही रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 18.06.2024

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile: 9810203697
E-mail: svkggn@yahoo.com



हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | सिरसा जिले में डबवाली में डॉ. बी.आर. अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय में खेल-कूद मैदान का निर्माण और लैंडस्कैपिंग द्वारा सौन्दर्यकरण तथा अन्य कार्य। (सीसीटीवी कैमरों को बदलना केवल) | 13.06.2024 26.06.2024 | 12.56 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | आईएसआई मार्क्ड ब्लीचिंग पाउडर की खरीद। | 15.06.2024 15.07.2024 | | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570121 supplies@hry.nic.in |
| 3 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | पाउडर फॉर्म में आईएसआई मार्क्ड पॉली एल्यूमीनियम क्लोराइड की खरीद। | 15.06.2024 15.07.2024 | | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570121 supplies@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज भिवानी | गांव – प्रेम नगर, ब्लॉक व जिला भिवानी में आईपीबी सहित सी. कंक्रीट फिरनी का निर्माण + 8 कार्य। | 11.06.2024 28.06.2024 | 1082.6 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज भिवानी | गांव नाकीपुर ब्लॉक लोहारू में आईपीबी सहित फिरनी का निर्माण, स्कीम–एचआरडीएफ + 2 कार्य। | 08.06.2024 28.06.2024 | 300.36 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज भिवानी | 648 गांव ढाणी रिवासा, ब्लॉक तोशाम, जिला भिवानी में फिरनी का निर्माण + 26 कार्य। | 08.06.2024 24.06.2024 | 1883.27 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज भिवानी | सीएम – गांव दुल्हेड़ी, ब्लॉक तोशाम, जिला भिवानी में लाडो पार्क का निर्माण + 1 कार्य। | 11.06.2024 21.06.2024 | 72.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज भिवानी | गांव खरक कलां, ब्लॉक व जिला भिवानी में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण। | 10.06.2024 20.06.2024 | 61.59 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 9 | पंचायती राज करनाल | गांव रूक्शाना, ब्लॉक असंध में शेर सिंह नम्बरदार से एज पर ड्राई ब्रिक रास्ता के निर्माण की कच्ची लागत, सी.एम. घोषणा + 7 कार्य। | 14.06.2024 20.06.2024 | 82.95 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 10 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा करनाल | संवर्धन कैनाल पर आरडी 33.983 कि.मी. पर वी.आर. ब्रिज के निर्माण हेतु न्यू एचएसआर 2021 के अनुरूप क्षेत्र के टॉपोग्राफिक सर्वे आयोजित करने, भू–तकनीकी जांच, जीएडी की तैयारी और मौजूदा हैड रेगुलेटर संरचनाओं और उपलब्ध सरकारी भूमि के संदर्भ सहित पुलों के उपयुक्त अलाइनमेंट की फिक्सिंग, विस्तृत प्रोजैक्ट, विस्तृत डिजाइनिंग, वर्किंग ड्राईंग, विस्तृत आकलन और बीओक्यू के लिए परामर्शदायी सेवा। | 14.06.2024 24.06.2024 | | https://etenders.hry.nic.in | 1842258008 xeninddivn@yahoo.co.in |
| 11 | पंचायती राज कैथल | लाम्बा खेड़ी, गांव लाम्बा खेड़ी में साजुमा रोड से कुराड़ रोड तक आईएलपीबी गली का निर्माण + 21 कार्य। | 13.06.2024 27.06.2024 | 562.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |
| 12 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा नरवाना | बीडब्ल्यूएस यांत्रिकी उपमंडल, नरवाना में सहायक एक्सेसरीज सहित 20 सीएस. क्षमता पम्पिंग सैट्स के 3 अदद वी.टी. पम्पस को बदलना / पुनरोद्धार। | 15.06.2024 05.07.2024 | 110.16 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9660864175 xen-wsnrw.irr@gov.in |
| 13 | पंचायती राज हिसार | गांवों ढाणी मोहब्बतपुर, कोहली, मोडा खेड़ा, मोहब्बतपुर, खैरामपुर, ब्लॉक आदमपुर की फिरनी पर एलईडी स्ट्रीट लाइट्स की स्थापना + 8 कार्य। | 14.06.2024 04.07.2024 | 435.15 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466629211 prexeeng.hsr@hry.nic.in |
| 14 | पंचायती राज हिसार | मामनपुरा, हांसी1, मामनपुरा तालाब से दीपल तालाब तक एचडीपीई पाइप लाइन बिछाना + 6 कार्य। | 14.06.2024 05.07.2024 | 347.82 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466629211 prexeeng.hsr@hry.nic.in |
| 15 | पंचायती राज हिसार | रावलवास खुर्द, हिसार 2– जीएडी का निर्माण + 5 कार्य। | 14.06.2024 04.07.2024 | 263.78 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466629211 prexeeng.hsr@hry.nic.in |
| 16 | जिला परिषद करनाल | गांव जारौली, ब्लॉक कुंजपुरा, जिला करनाल में रवि दास मंदिर के निकट तालाब का विकास (जैडपी)। | 14.06.2024 21.06.2024 | 31.90 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0184-2983072 xenzpkarnal@gmail.com |
| 17 | पंचायती राज पुण्डरी, कैथल | चोचरा रोड (बाकल) पर गऊ घाट का निर्माण + 5 कार्य। | 14.06.2024 20.06.2024 | 36.38 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398020009 sdoprpundri@gmail.com |
| 18 | पंचायती राज अम्बाला | वीएएनजीवाई – गांव धीन ब्लॉक बराड़ा में रामदासिया समुदाय हेतु रविदास मंदिर के निकट हॉल कमरे का निर्माण। | 14.06.2024 26.06.2024 | 15.76 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 19 | पंचायती राज अम्बाला | एसडीए – गांव मुल्लाना में सैनी सभा मुल्लाना की चारदिवारी, गांव सालेहपुर में मेन फिरनी से धर्मवीर सैनी के मकान तक आईपीबी गली का निर्माण, गांव सुलखानी, ब्लॉक बराड़ा में सैनी चौपाल में चारदिवारी, आईपीबी फ्लोरिंग का निर्माण + 4 कार्य। | 14.06.2024 26.06.2024 | 95.94 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 20 | पंचायती राज अम्बाला | वीएएनजीवाई – गांव कुल्लारपुर में सामुदायिक हॉल में आयरन शैड और गांव काला आम्ब, ब्लॉक नारायणगढ़ में दलीप नामदेव के मकान से राज किशोर के मकान तक, दलीप सिंह के मकान से पुलिस चौकी तक आईएलपीबी गली का निर्माण + 3 कार्य। | 14.06.2024 26.06.2024 | 38.05 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 21 | पंचायती राज अम्बाला | वीएएनजीवाई – गांव बिकॉमपुर में शवदाह भूमि में बैठने की शैड का निर्माण और आई/एल बिछाना तथा गांव राजौली में इंडोर जिम का निर्माण और गांव दादूपुर ब्लॉक बराड़ा में हॉल का निर्माण + 2 कार्य। | 14.06.2024 26.06.2024 | 43.86 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 22 | पंचायती राज राजौंद, कैथल | परशुराम भवन (सोंगल) में पगडंडी का निर्माण और पार्क का विकास + 5 कार्य। | 15.06.2024 20.06.2024 | 30.36 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8630071961 sdoprrajound@gmail.com |
| 23 | लोनिवि भ व प हिसार | जिला हिसार में गांव सातरोड में पीएचसी का निर्माण। | बंद होने की तिथि 25.06.2024 | 409.06 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466446125 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 24 | लोनिवि भ व प गुरुग्राम | गुरूग्राम जिले में गुरूग्राम में एससीईआरटी बिल्डिंग में टीचर्स हॉस्टल ब्लॉक और साइंस ब्लॉक में टाइल्स टैरेसिंग का प्रावधान। | बंद होने की तिथि 22.06.2024 | 15.38 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 25 | लोनिवि भ व प गुरुग्राम | गुरूग्राम जिले में गुरूग्राम में मकान नं. 17, ऑफिसर कॉलोनी नं. 2, सिविल लाइंस का पुनरोद्धार (ई.आई. कार्यों समेत)। | बंद होने की तिथि 22.06.2024 | 11.38 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 26 | लोनिवि भ व प गुरुग्राम | गुरूग्राम जिले में गुरूग्राम में एससीईआरटी बिल्डिंग में टीचर हाउस, साइंस ब्लॉक और प्रशा. खण्ड का पुनरोद्धार। | बंद होने की तिथि 22.06.2024 | 16.24 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 27 | लोनिवि भ व प हिसार | सिविल हॉस्पीटल सिरसा में मौजूदा पेडियाट्रिक वॉर्ड में एचवीएसी/वीआरएफ सिस्टम का प्रावधान और सहायक कार्य। | 14.06.2024 28.06.2024 | 24.98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 28 | पंचायती राज महम, रोहतक | 22/02 गांव बेहलबा खास में ग्राम सचिवालय से (फिरनी) नाला तक नाला का निर्माण। | 13.06.2024 20.06.2024 | 10.91 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9215555586 sdoprmeham@gmail.com |
| 29 | पंचायती राज मुरथल, सोनीपत | गांव असदपुर, ब्लॉक मुरथल में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण, एसएफसी / जीपी.. + 6 कार्य। | बंद होने की तिथि 20.06.2024 | 88.63 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9818043960 sdoprmurthal3@gmail.com |
| 30 | पंचायती राज गोहाना, सोनीपत | गांव जौली में अशोक पुत्र उमेद से जयपाल पुत्र रामसिंह तक आईपीबी गली का निर्माण (वीएजीवाई) + 1 कार्य। | 14.06.2024 26.06.2024 | 15.38 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416051838 jitendersingh838@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच–11/2025/600/26890/I/88/6 दि. 18.06.24

रोहतक

बुधवार, 19 जून 2024

ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष, द्वादशी वर्ष : 28, अंक : 143

पृष्ठ 14 मूल्य 3.00


**मौसम**

अधि. 44.4

न्यून. 31.0


# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




05 तोंडाइमन, राजेश्वरी ओलंपिक के लिए पांच सदस्यीय भारतीय शॉटगन टीम में

*हरियाणा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बोले- जहां भविष्य ठीक लगे वहां देख लें*

# कांग्रेस को बड़ा झटका : विधायक किरण व बेटी श्रुति का इस्तीफा, आज भाजपा में होंगी शामिल

*इस्तीफे में लिखा-पार्टी को निजी जागीर की तरह चला रहे, मुझे अपमानित किया*

*विधानसभा चुनाव से पहले उठाया कदम*

*श्रुति प्रदेश कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष थीं*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़/नई दिल्ली

हरियाणा में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। पूर्व सीएम चौधरी बंसीलाल की पुत्रवधु और भिवानी के तोशाम से विधायक किरण चौधरी और उनकी बेटी पूर्व सांसद श्रुति चौधरी ने मंगलवार को कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को इस्तीफा भेजा है, जिसमें किरण ने लिखा कि यहां पार्टी को निजी जागीर की तरह चलाया जा रहा है। मुझे बेइज्जत किया गया। सूत्रों का कहना है कि किरण चौधरी अपनी बेटी श्रुति चौधरी के साथ बुधवार को सुबह 10 बजे भाजपा में शामिल होंगी। दोनों दिल्ली जाकर भाजपा मुख्यालय में पार्टी में शामिल होंगी। इस दौरान हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल भी मौजूद रहेंगे। बता दें कि हरियाणा कांग्रेस में लोकसभा चुनाव के बाद से ही गुटबाजी चरम पर है। एक दिन पहले ही किरण ने कहा था कि अब कांग्रेस में उनका भविष्य नहीं बचा है।





**श्रुति की टिकट कटने से नाराज** किरण चौधरी लोकसभा चुनाव में बेटी श्रुति चौधरी की टिकट कटने से नाराज थी, श्रुति के टिकट को लेकर सांसद सैलजा ने भी कहा था कि उनको टिकट मिलता, तो भिवानी सीट कांग्रेस के पास होती। विधानसभा चुनावों का बिगुल बजने से पहले ही कांग्रेस की कलह बढ़ रही है।

## कोई भी बात कांग्रेस हाईकमान के सामने रखें : उदयभान

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान ने किरण चौधरी पर पलटवार करते हुए कहा कि उन्हें कोई भी शिकायत है, तो हाईकमान के सामने रखनी चाहिए न कि मीडिया में। किरण ही नहीं, बल्कि बाकी नेताओं को भी अपनी बात हाईकमान के सामने पार्टी संगठन में रखनी चाहिए, अगर उनको कांग्रेस में कोई भविष्य नजर नहीं आ रहा, तो जहां पर भविष्य है, वहां देख लें।

### इस्तीफे में यह लिखा

**किरण चौधरी ने लिखा**

मैंने जिंदगी के 4 दशक कांग्रेस को दिए। बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि हरियाणा में कांग्रेस को निजी जागीर की तरह चलाया जा रहा है, जिसमें मेरी जैसी ईमानदार आवाज के लिए कोई जगह नहीं है। मुझे दबाया गया। साजिशें रची। हरियाणा के जनक चौ. बंसीलाल के संस्कारों व विचारधारा को प्रसारित करना व प्रदेश का ईमानदारी से विकास मेरी प्राथमिकता रहेगी।

**श्रुति चौधरी ने लिखा**

मैं कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता व प्रदेश कांग्रेस वर्किंग प्रजिडेंट के पद से इस्तीफा दे रही हूं। मैं उन लोगों में से हूं, जिन्हें निस्वार्थ भाव से देश की सेवा करने का सौभाग्य मिला। मैंने पूरी ईमानदारी से निस्वार्थ सेवा की उस महान विरासत को बनाए रखने का प्रयास किया है। दुर्भाग्य से हरियाणा में कांग्रेस अब एक व्यक्ति पर केंद्रित हो गई है।

## किरण का हुड्डा पर प्रहार, मुझे हाशिये पर धकेला गया

तोशाम से विधायक किरण ने कहा कि वह और श्रुति बुधवार को दिल्ली में भाजपा में शामिल होंगी। उनके भाजपा में शामिल होने से हरियाणा में पार्टी को और मजबूती मिलेगी। हरियाणा के पूर्व सीएम बंसीलाल की पुत्रवधू किरण को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा का चिर प्रतिद्वंद्वी माना जाता है। ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि श्रुति भाजपा की ओर से राज्यसभा सीट के लिए संभावित उम्मीदवारों में शामिल हो सकती हैं। यह सीट रोहतक लोकसभा सीट से कांग्रेस के दीपेंद्र सिंह हुड्डा की जीत के बाद खाली होने जा रही है। हालांकि, किरण ने कहा कि वह और उनकी बेटी, बिना शर्त भाजपा में शामिल होंगी। हुड्डा पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए किरण ने कहा, 'उन्होंने मुझे हाशिये पर धकेल दिया। अपमान की एक सीमा होती है।' किरण चौधरी हुड्डा के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के दौरान भी मंत्री रहीं। किरण चौधरी ने कहा, "वह (हुड्डा) चाहते हैं कि उनके बेटे को ही सबकुछ मिले और वह दूसरों को खत्म करना चाहते हैं। यह कैसे चलेगा ? 'इस प्रकार, हमारे लोगों का प्रतिनिधित्व करने और उन मूल्यों को बनाए रखने के मेरे परिश्रमी प्रयासों में महत्वपूर्ण बाधा उत्पन्न हो रही है। इसलिए हम कांग्रेस से इस्तीफा दे रहे हैं।


**अंदर के पन्नों पर**

- सोनीपत में आग की अफवाह से ट्रेन से कूदे दो यात्री, मौत पेज-2
- रेलवे में संरक्षा वर्ग के डेढ़ लाख से अधिक पद रिक्त पेज-4
- ममता की भेंट ने बढ़ाई भाजपा हाईकमान की बेचैनी पेज-8


**खबर संक्षेप**

### 'मन की बात' कार्यक्रम 30 जून से फिर शुरु

**नई दिल्ली।** पीएम नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का प्रसारण 30 जून से फिर से शुरू होगा। उन्होंने लोगों से इसके लिए अपने विचार और सुझाव साझा करने का आग्रह किया। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'यह बताते हुए खुशी हो रही है कि चुनाव के कारण कुछ महीनों के अंतराल के बाद मन की बात वापस आ गया है! इस महीने का कार्यक्रम रविवार, 30 जून को होगा।' भाषा

### प्रत्यक्ष कर संग्रह 4.62 लाख करोड़ हुआ

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में अबतक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 21 प्रतिशत बढ़कर 4.62 लाख करोड़ रुपये हो गया। इसमें अग्रिम कर संग्रह में हुई वृद्धि का विशेष योगदान रहा। अग्रिम कर की पहली किस्त 15 जून को देय थी। यह संग्रह 27.34 प्रतिशत बढ़कर 1.48 लाख करोड़ रुपये रहा है। इसमें 1.14 लाख करोड़ रुपये का कॉरपोरेट कर (सीआईटी) और 34,470 करोड़ रुपये का व्यक्तिगत आयकर (पीआईटी) शामिल है। भाषा

### सीआईएसएफ कर्मचारी ने पत्नी की हत्या कर जान दी

**बोकारो।** झारखंड के बोकारो जिले में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के कर्मी ने अपनी पत्नी की गला घोंटकर हत्या करने के बाद आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक यह घटना सोमवार शाम हरला थाना क्षेत्र के सेक्टर- 8 स्थित उनके सरकारी आवास पर घटी। उन्होंने बताया कि दंपति पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले के रहने वाले थे। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि व्यक्ति और उसकी पत्नी के बीच झगड़ा हुआ था, जो बाद में बढ़ गया। भाषा

### 156 लड़ाकू हेलीकॉप्टर की खरीद को निविदा

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल)से 156 हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर खरीदने की प्रक्रिया निविदा जारी करके शुरू कर दी है। अधिकारियों ने कहा कि खरीद परियोजना के तहत मंत्रालय द्वारा 'रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल' (आरएफपी) या प्रारंभिक निविदा जारी कर दी गई है। इसके अलावा एचएएल ने बीएसई लिमिटेड को सूचित किया है कि मंत्रालय द्वारा 156 हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर की खरीद के लिए आरएफपी जारी की गई है। भाषा

# धोखाधड़ी से डॉक्टर बनने वाला एक भी व्यक्ति समाज के लिए खतरनाक

## नीट-यूजी विवाद में सुप्रीम कोर्ट की तल्ख टिप्पणी ■ मामूली सी लापरवाही से भी निपटना होगा

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को नीट-यूजी विवाद में कृपांक से जुड़ी याचिका पर सुनवाई हुई। अदालत ने कहा, 'अगर किसी की ओर से 0.001% भी लापरवाही हुई है तो उससे पूरी तरह निपटा जाना चाहिए। पीठ ने सरकार और एनटीए को फिर नोटिस जारी करते हुए कहा कि कल्पना कीजिए कि सिस्टम के साथ धोखाधड़ी करने वाला एक व्यक्ति भी डॉक्टर बन जाता है, तो वह समाज के लिए और भी ज्यादा खतरनाक होगा। बच्चों ने परीक्षा की तैयारी की है, हम उनकी मेहनत को नहीं भूल सकते हैं।' कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (स्नातक स्तर) (नीट-यूजी, 2024) से संबंधित मुकदमे को विरोधात्मक नहीं माना जाना चाहिए। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की ओर से पेश अधिवक्ताओं से कहा, परीक्षा में लापवाही बर्दाश्त नहीं कर सकते।

**0.001% भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं**



**बच्चों ने तैयारी की, हम उनकी मेहनत को नहीं भूल सकते**

■

**शीर्ष अदालत ने केंद्र और एनटीए को फिर थमाया नोटिस**

■

**दो सप्ताह के अंदर अपने जवाब दाखिल करने के आदेश**

### 2015 में रद की थी एआईपीएमटी

इससे पहले 2015 में सुप्रीम कोर्ट ने इसी तरह की टिप्पणी कर ऑल इंडिया प्री मेडिकल टेस्ट (एआईपीएमटी) की परीक्षा रद की थी। पीठ पांच मई को हुई परीक्षा में छात्रों को कृपांक दिए जाने समेत अन्य शिकायतों से संबंधित दो अलग-अलग याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। तब कोर्ट का कहना था, 'एक भी फर्जी डॉक्टर बनता है तो पूरी परीक्षा रद्द होनी चाहिए। इस बात के सबूत हैं कि परीक्षा में इलेक्ट्रानिक डिवाइसेज का इस्तेमाल हुआ है, लेकिन कितने स्टूडेंट्स ने इसका इस्तेमाल किया, ये नहीं कहा जा सकता। ऐसे में परीक्षा रद करना जरूरी है।'

### कामकाज में विश्वास पैदा करे एनटीए

पीठ ने एनटीए के वकीलों से कहा, 'परीक्षा आयोजित करने के लिए जिम्मेदार एजेंसी का प्रतिनिधित्व करते हुए, आपको दृढ़ रहना चाहिए। अगर कोई गलती है, तो हां यह गलती हुई है और हम यह कार्रवाई करने जा रहे हैं। कम से कम इससे आपके कामकाज में विश्वास तो पैदा होगा।' अधिकारियों द्वारा समय पर कार्रवाई करने पर जोर देते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि इन याचिकाओं पर अन्य लंबित याचिकाओं के साथ आठ जुलाई को सुनवाई होगी। इनमें वे याचिकाएं भी शामिल हैं, जिनमें परीक्षा को नए सिरे से आयोजित करने का निर्देश देने की मांग की गई है। एनटीए और केंद्र इन नई याचिकाओं पर दो सप्ताह के अंदर अपने जवाब दाखिल करेंगे।

### 4 याचिकाओं पर 8 जुलाई को सुनवाई

जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस एसवी भट्टी की वैकेशन बेंच ने इस मामले से जुड़ी 4 याचिकाओं को 8 जुलाई को सुनवाई के लिए लिस्ट कर दिया है। वकीलों से भी उसी दिन सभी मामलों पर बहस करने के निर्देश दिए हैं। 4 जून को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने रिजल्ट घोषित किया था। पहली बार ऐसा हुआ है जब 67 कैंडिडेट को 720 में से 720 नंबर मिले हैं।

**केंद्र रद कर चुका 1,563 के कृपांक**

केंद्र और एनटीए ने 13 जून को शीर्ष अदालत को बताया था कि उन्होंने एमबीबीएस और ऐसे अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए परीक्षा देने वाले 1,563 अभ्यर्थियों को प्रदत्त कृपांक (ग्रेस मार्क) निरस्त कर दिए हैं। केंद्र ने न्यायालय को बताया था कि इन उम्मीदवारों के पास या तो पुनः परीक्षा देने या कृपांक हटाकर प्राप्त मूलांक के आधार पर परिणाम को स्वीकार करने का विकल्प होगा।

# हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची प्रदेश सरकार

## सरकार ने कहा-हाईकोर्ट की डबल बेंच फैसला नहीं पलट सकती

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट द्वारा सरकारी नौकरियों में सामाजिक-आर्थिक आधार पर दिए जाने वाले आरक्षण को रद किए जाने के फैसले के खिलाफ हरियाणा सरकार मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई। हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन (एसएसएससी) की ओर से सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर कर दी गई है कि हाईकोर्ट के फैसले को रद किया जाए। बता दें कि हाईकोर्ट ने 31 मई को सरकारी नौकरियों में सामाजिक-आर्थिक आधार पर दिए जाने वाले आरक्षण को असंवैधानिक करार देते हुए रद कर दिया था। इस आरक्षण के तहत जिस परिवार में कोई भी सरकारी नौकरी पर न हो और परिवार की आमदनी कम हो तो ऐसे परिवार से आने वाले आवेदक को सामाजिक व आर्थिक आधार पर 5 अतिरिक्त अंकों का लाभ देने का प्रावधान किया गया था।



**सामाजिक व आर्थिक आधार पर 5 अतिरिक्त अंक देने का मामला**

**हाईकोर्ट ने रद कर दिया था आरक्षण, बताया था असंवैधानिक**

### इसलिए सरकार गई सुप्रीम कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट जाने के पीछे सरकार का तर्क है कि हाईकोर्ट की डबल बेंच ने पहले ही सामाजिक-आर्थिक मानदंड के अंकों को सही ठहराया हुआ है। इसलिए सुप्रीम कोर्ट में इस फैसले को आधार बनाया जाएगा। इतना ही नहीं खंडपीठ ने हरियाणा सरकार की तारीफ भी की थी। ऐसे में डबल बेंच के फैसले को डबल बेंच नहीं पलट सकती। यदि फैसला पलटना है तो बड़ी बेंच यानी की तीन जजों की बेंच के सामने सुनवाई होनी चाहिए थी। ऐसे में नई खंडपीठ भी दो जजों की बनाई गई थी, जिसने पहली खंडपीठ द्वारा लिए गए फैसले को बदल दिया था।

### हाईकोर्ट ने आरक्षण को संविधान के खिलाफ बताया

हाईकोर्ट में दाखिल याचिका में कहा गया था कि संविधान के अनुरूप सामाजिक व आर्थिक आधार पर आरक्षण का लाभ नहीं दिया जा सकता। हाईकोर्ट ने सामाजिक व आर्थिक आधार पर आरक्षण को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए नियुक्तियों पर रोक लगा दी थी। हाईकोर्ट ने इस मामले में अपना फैसला सुनाते हुए यह स्पष्ट कर दिया कि सामाजिक आर्थिक आधार पर आरक्षण का फैसला संविधान के खिलाफ है।

# मोदी ने 9.26 करोड़ किसानों के खातों में डाले 20 हजार करोड़

**किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी की**

सभी किसानों के खातों में दो-दो हजार रुपये की किस्त भेजी

**वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम में बटन दबाकर किए ट्रांसफर**

हर साल 6000 रुपये किसानों को देती है सरकार

एजेंसी ▶▶| वाराणसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को पीएम किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी कर दी। इसमें 9.26 करोड़ किसानों के खाते में 2-2 हजार रुपये की किस्त भेजी गई है। मंगलवार को कुल 20,000 करोड़ रुपये की राशि ट्रांसफर की गई। पीएम मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम में किसानों के खाते में ये राशि भेजी। इससे पहले 28 फरवरी को योजना की 16वीं किस्त जारी हुई थी। तब 21,000 करोड़ से ज्यादा रकम ट्रांसफर की गई थी। इस योजना के तहत सरकार हर साल किसानों के अकाउंट में 2-2 हजार रुपये की तीन किस्तों में 6,000 रुपये ट्रांसफर करती है। हरियाणा के 16 लाख किसानों के खातों में भी 352 करोड़ रुपये आए हैं। पीएम ने 27 मिनट तक भाषण दिया। मोदी का फोकस किसान, महिला, विकास और काशी पर रहा।



# अंग्रेजी मीडियम स्कूलों के प्रति आकर्षण आत्मघात के समान

**एनसीईआरटी प्रमुख बोले, सरकारी स्कूल भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दे रहे**

■

**विषय-वस्तु को रटने की प्रथा ने बच्चों में ज्ञान की हानि की**

**नई दिल्ली (भाषा)।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के निदेशक डी पी सकलानी ने अभिभावकों के अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों के प्रति आकर्षण पर अफसोस जताते हुए कहा है कि यह अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारने से कम नहीं है, क्योंकि सरकारी स्कूल भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। सकलानी ने कहा कि अंग्रेजी में विषय-वस्तु को रटने की प्रथा ने बच्चों में ज्ञान की हानि की है। उन्हें उनकी जड़ों और संस्कृति से दूर कर दिया है। माता-पिता अंग्रेजी माध्यम के विद्यालयों के प्रति आकर्षित हैं, वे अपने बच्चों को ऐसे स्कूलों में भेजना पसंद करते हैं, भले ही वहां शिक्षक न हों या वे पर्याप्त प्रशिक्षित न हों। यह आत्मघात से कम नहीं है और यही कारण है कि नई शिक्षा नीति में मातृभाषा में पढ़ाने पर जोर दिया है।

# बिहार: नदी में समाया नवनिर्मित पुल



**12** करोड़ रुपये से तैयार हुआ पुल

**03** पिलर नदी में समा गए

**13** साल में तीसरी बार बन रहा था

**अररिया (बिहार)।** बिहार के अररिया जिले के परारिया गांव में बकरा नदी पर नवनिर्मित एक पुल का एक हिस्सा मंगलवार को ढह गया। इस पुल को उद्घाटन का इंतजार था। पुल 12 करोड़ रुपये की लागत से बना था। पिछले 13 साल में यह पुल तीसरी बार बन रहा था। मंगलवार को पुल के 3 पिलर नदी में समा गए। पुल बनाने वाली कंपनी के लोग मौके पर पहुंच गए हैं। सिकटी विधायक विजय मंडल ने आरोप लगाया निर्माण कंपनी के मालिक की लापरवाही के कारण पुल टूटा है। प्रशासन इसकी जांच कराए। अब तीसरी जगह पर पुल बनाया गया था। पिछले 13 वर्षों में पुल निर्माण के लिए 43 करोड़ की स्वीकृति मिली है। बारिश के अलावा 8 महीनों के दौरान लोग पैदल निकल जाते हैं, लेकिन बरसात के चार महीने सिकटी के लोगों को कुर्साकांटा आने में 15 से 20 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है।

*मणिपुर में फिर हिंसा*

# उपद्रवियों ने सीआपीएफ की बस में आग लगाई

एजेंसी ▶▶| इंफाल

दिल्ली में सोमवार को मणिपुर की सुरक्षा व्यवस्था पर गृह मंत्री अमित शाह हाईलेवल मीटिंग कर रहे थे। उसी दिन रात 9 बजे मणिपुर के कांगपोकपी जिले में उपद्रवियों ने सीआरपीएफ जवानों की बस में आग लगा दी। हालांकि, उन्होंने आग लगाने से पहले जवानों को बस से उतार दिया था। पुलिस ने बताया कि दमकल गाड़ी ने तुरंत आग बुझा दी। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। राजधानी इंफाल से 45 किलोमीटर दूर कांगपोकपी पुलिस स्टेशन में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। जवान लोकसभा चुनाव के बाद लौट रहे थे। पुलिस सूत्रों ने बताया कि उन्होंने कुकी बहुल जिले में कुछ संदिग्धों से पूछताछ की है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जवानों को ले जा रही बस किराए पर थी और यह घाटी के मैतेई समुदाय के एक व्यक्ति के नाम पर रजिस्टर्ड थी। सूत्रों के मुताबिक, पिछले सप्ताह मैतेई बहुल बिष्णुपुर जिले में दो ट्रकों को जलाने की घटना के बाद कुकी बहुल इलाके में इस घटना को बदले के तौर पर देखा जा रहा है।

**आगजनी से पहले जवानों को उतारा शाह की हाईलेवल मीटिंग के बाद की घटना**

**मौसम** सूबे में 30 दिन से तापमान लगातार 43 से 48 डिग्री के बीच चल रहा

*नरमा और सब्जियों की फसलें भी हो रही खराब*

*मौसम विभाग का दावा, आज से प्री-मानसून बारिश*

# प्रचंड गर्मी से झुलसा प्रदेश, 28 दिन से चल रही लू, 12 जिलों में ऑरेंज अलर्ट, हरियाणा रोडवेज बसों में ठंडा पानी पिलाने के आदेश

**हरियाणा (हरिभूमि टीम)।** प्रदेश में गर्मी ने इस बार सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। 30 दिन से तापमान 43 से 48 डिग्री सेल्सियस के बीच चल रहा है। दो दिन तो 49 डिग्री तक भी पहुंचा है। वहीं, 28 दिन से लू चल रही है। प्रदेश के 12 जिलों में भीषण गर्मी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। गर्मी के कारण आमजन, मवेशी और फसलें झुलस रही हैं। पूरा प्रदेश प्रचंड गर्मी से झुलस रहा है। दिनभर बाजार और सड़कें सुनसान दिखाई दे रही हैं। लोगों को गर्मी से कहीं भी राहत नहीं मिल पा रही है। सब्जियों का उत्पादन भी कम हो गया और नरमा की फसल भी झुलस चुकी है। वहीं, दूसरी तरफ, हरियाणा सरकार ने बढ़ती गर्मी के कारण राज्य परिवहन की सभी बसों में यात्रियों के लिए पीने के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। राज्य परिवहन हरियाणा के निदेशालय की ओर से सभी महाप्रबंधकों को निर्देश दिए गए हैं। निर्देश में कहा गया है कि सभी बसों में ठंडे पानी की व्यवस्था की जाए ताकि यात्रियों को पानी के अभाव में परेशानी का सामना न करना पड़े।



**हाल बेहाल**

मंगलवार को पारा 42 से 46 .0 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया

■

रात्रि तापमान 28 से 34 .8 डिग्री सेल्सियस रहा

**गर्मी ने बिजली की डिमांड बढ़ाई**

गर्मी के कारण 7 दिन में बिजली की डिमांड 4.36 करोड़ यूनिट बढ़ी है। पिछले 24 घंटे में बिजली खपत 27.29 करोड़ यूनिट तक पहुंची, जो अब तक का रिकॉर्ड है। यह पिछले साल की तुलना में 22.53% ज्यादा है। बिजली की डिमांड लगातार बढ़ने से शहरों में 2 से 4 घंटे तो गांवों में 4 से 8 घंटे तक के बिजली कट लग रहे हैं।

### गर्मी लगातार तोड़ रही रिकॉर्ड

प्रदेश में इस बार गर्मी सारे रिकॉर्ड तोड़ चुकी है। मौसम विभाग ने 12 जिलों में लू का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। हाल यह हो चुका है कि 6 जिलों में पारा 46 डिग्री से पार हो चुका है। सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, जींद, भिवानी, रोहतक, चरखी दादरी, झज्जर, गुरुग्राम, पलवल, फरीदाबाद व नूंह में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

### क्या कहता है मौसम विभाग

चौधरी चरणसिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में कृषि मौसम विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ मदन खीचड़ का कहना है कि बुधवार रात से मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। 19 से 21 जून तक पश्चिमी विक्षोभ के कारण प्री मानसून की बारिश होगी। अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की कमी आ सकती है। प्रदेश में 28 जून से 3 जुलाई के दौरान मानसून आने की संभावना।

## खबर संक्षेप



रेवाड़ी। अराध्या का खूंबू आइस फाल पर फाइल फोटो।

### 21 जून को कंचन जंघा बेस कैंप रवाना होगी अराध्या

**रेवाड़ी।** गांव हांसाका निवासी 11 वर्षीय अराध्या खूंबू आइस फाल को फतह करने के उपरांत अब कंचन जंगा बेस कैंप की ओर भारतीय तिरंगा लेकर 21 जून को सुबह 10 बजे शिव चौक से रवाना होगी। अराध्या अगस्त माह में ब्लैक पीक एक्सपेंडिशन 6387 मीटर पर विश्व रिकॉर्ड बनाने की तैयारी कर रही है। अराध्या की यात्रा को लेकर निजी रेस्तरां में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अराध्या सबसे काम उम्र में एवरेस्ट पर चढ़ने का विश्व रिकॉर्ड बनाने के लिए साहस कर रही है।

### सुहागरात को दुल्हे ने किया सुसाइड

**पानीपत।** पानीपत में सुहागरात पर 21 वर्षीय दूल्हे हरदीप पुत्र प्रकाश निवासी गांव खोतपुरा की मौत हो गई। हरदीप के पास रात को एक कॉल आई, जिसके बाद वह घर से चला गया। रात भर वह नहीं लौटा। सुबह दुल्हन ने ससुराल वालों को बताया। इसके बाद उसकी तलाश की गई। तलाश के दौरान हरदीप खेतों में एक पेड़ पर लटका मिला। घटना की सूचना मिलने पर थाना हुडा सेक्टर 13/17 थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस हरदीप की मोबाइल कॉल डिटेल निकलवा कर मौत के सही कारण जानने के लिए प्रयास करेगी।

### लव मैरिज करने वाले ने फंदा लगाकर दी जान

**यमुनानगर।** सुभाष नगर निवासी 40 वर्षीय सुशील कुमार ने तीन साल पहले फर्कपुर निवासी महिला के साथ लव मैरिज की थी। इस बीच दोनों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। जिसका केस कोर्ट में विचाराधीन है। वह दोनों आठ महीने से अलग-अलग रह रहे हैं। जिसके चलते सुशील कुमार मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। सोमवार रात सुशील अपने कमरे में सोने चला गया। सुबह जब वह नहीं उठा तो परिजनों ने कमरे में जाकर देखा तो सुशील पंखे पर लटका हुआ था।

### सर्वे करने आए ग्राम सचिव के साथ हाथापाई

**यमुनानगर।** गांव चंगनौली में डॉ. बीआर अम्बेडकर आवास योजना का सर्वे करने गए ग्राम सचिव संदीप कुमार के साथ दो ग्रामीणों ने गाली गलौज व हाथापाई की। इस दौरान आरोपियों ने सरकारी काम में बाधा भी डाली। इस संबंध में खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्तिक चौहान ने बिलासपुर थाना में शिकायत दी। शिकायत में बताया कि गांव में टावर के पास कच्चे नाले की सफाई का कार्य भी कराया जा रहा था। उन्होंने सफाई को लेकर बात की तभी वहां पर लखविंद्र सिंह व सुखविंद्र सिंह पहुंच गए। आरोप है कि वह ग्राम सचिव के साथ अभद्रता करने लगे। उनके साथ गाली गलौज करते हुए हाथापाई की।

### एएसआई ने फ्लैट में फांसी लगाकर दी जान

**फरीदाबाद।** सेक्टर-30 स्थित पुलिस लाइन में तैनात एएसआई ने अपने फ्लैट में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उन्हें मधुमेह था। इस कारण मानसिक रूप से परेशान भी रहते थे। पुलिस अनुमान लगा रही है कि इसी परेशानी के चलते उन्होंने यह कदम उठाया होगा। पुलिस के अनुसार मृतक उमराव सिंह करीब 23 साल से पुलिस में तैनात थे। वह मूल रूप से रेवाड़ी के रोहडाई गांव के रहने वाले थे। फिलहाल उनकी ड्यूटी पुलिस लाइन में थी। सुबह अन्य साथी उसके फ्लैट के बाहर पहुंचे और आवाज लगाई। शक होने पर खिडक़ी से अंदर झांककर देखा तो एएसआई जंगले में रस्सी से फंदा बनाकर लटके हुए थे।

---

हरसाना कलां रेलवे स्टेशन के पास सोमवार रात हुआ हादसा

# आग की अफवाह के चलते ट्रेन से कूद गए दो यात्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

- यात्रियों ने चेन पुलिंग कर ट्रेन रोकी और जीआरपी को सूचना दी

दिल्ली-अंबाला रेल मार्ग पर औरगांबाद से आ रहे दो यात्री ट्रेन में आग लगने की अफवाह सुनकर जान बचाने के लिए चलती ट्रेन से कूद गए। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। यात्रियों ने चेन पुलिंग कर ट्रेन रोकी और हादसे की सूचना जीआरपी को दी। मौके पर पहुंची जीआरपी ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया। मरने वालों में एक युवक की पहचान कैथल के पुंडरी निवासी मयंक के रूप में हुई है, जबकि दूसरे युवक की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। जीआरपी ने शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जबकि आग हरसाना के पास खेतों में लगी होने की जानकारी मिली है। जिसका धुआं उठ रहा था।सोनीपत राजकीय रेलवे में तैनात जांच अधिकारी अजय ने बताया कि कैथल के पुंडरी निवासी मयंक (20) सचखंड एक्सप्रेस में सवार होकर औरंगाबाद से करनाल जा रहे थे। ट्रेन जब हरसाना कलां रेलवे स्टेशन के पास पहुंची, तभी रेलवे लाइन किनारे खेतों में लगी आग को देख किसी ने आग लगने का शोर मचा दिया। ट्रेन में आग लगने की अफवाह सुन मयंक व एक अन्य युवक जान बचाने के लिए आनन-फानन में चलती ट्रेन से कूद गए। हादसे में दोनों युवकों की मौत हो गई। युवकों को चलती ट्रेन से कूदता देख यात्रियों ने चेन पुलिंग कर ट्रेन रुकवाई। जिसके बाद हादसे की सूचना जीआरपी को दी गई। कुछ देर के बाद ट्रेन भी गंतव्य के लिए रवाना हो गई थी। जांच अधिकारी ने बताया कि सोमवार रात करीब 11 बजे ट्रेन से युवकों के गिरने की सूचना के बाद वह मौके पर पहुंचे थे। जहां दोनों युवकों के शव बरामद किए। दूसरे युवक की उम्र करीब 35 वर्ष आंकी जा रही है। शव की पहचान नहीं हो पाई है। जिसे पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवा पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं। मंगलवार सुबह मयंक के परिजनों के पहुंचने के बाद बयान दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों का सौंप दिया।

### दोनों की मौके पर मौत



सोनीपत। अस्पताल में शव लेने पहुंचे परिजन।

### जागरण पार्टी में काम करता था मयंक

शव लेने सोनीपत नागरिक अस्पताल पहुंचे परिजनों ने बताया कि मयंक अविवाहित था और जागरण पार्टी में गाने बजाने का काम करता था। वह किसी काम के सिलसिले में औरंगाबाद गया था। वहां से वापस लौटते समय यह हादसा हो गया। जिससे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल बना हुआ है।

### एक मृतक की पहचान, दूसरे के प्रयास जारी

झूठी अफवाह के चलते चलती ट्रेन से दो यात्री कूद गए। जिनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे का शिकार हुए एक यात्री की पहचान कैथल के पुंडरी निवासी मयंक के रूप में हुई है। जबकि दूसरे की पहचान नहीं हो पाई है। मयंक के शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।
**महाबीर सिंह**, प्रभारी, जीआरपी थाना, सोनीपत।

---

# 65 लाख की साइबर ठगी के आरोपी दंपति गिरफ्तार



सिरसा। 65 लाख की ठगी के आरोपी दंपति साइबर क्राइम पुलिस की गिरफ्त में।

- बीमा पॉलिसी के नाम पर मुनाफे का झांसा देकर की थी ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

शहर की एक महिला से बीमा पॉलिसी के नाम पर मोटे मुनाफा देने का झांसा देकर करीब 65 लाख रुपये की ठगी करने के मामले में एक महिला तथा उसके पति को साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन की टीम ने दिल्ली क्षेत्र से काबू कर लिया है। इस संबंध में जिला के पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान सुमित कुमार निवासी करावल नगर दिल्ली तथा तानिया पत्नी सुमित कुममार निवासी अंबेडकर नगर दिल्ली के रूप में हुई है। आरोपियों को अदालत में पेश कर 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए आरोपियों के कब्जे से चार मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इस घटना में संलिप्त पांच आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। उन्होंने बताया की रिमांड अवधि के दौरान आरोपियों की निशानदेही पर ठगी की राशि बरामद की जाएगी तथा उनके अन्य साथियों के बारे में जानकारी हासिल की जाएगी।

---

## सम्मानित...



चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह ने पीजीआईएमएस, रोहतक के निदेशक डा. एसएस लोहचब व गुर्दा प्रत्यारोपण टीम को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज पीजीआईएमएस रोहतक में जल्द ही स्टेट ट्रांसप्लांट सेंटर शुरू किया जाएगा ताकि किडनी सहित अन्य अंगों के ट्रांसप्लांट को सुगम बनाया जा सके। राज्य सरकार पीजीआईएमएस, रोहतक को और बेहतर बनाने के लिए हर संभव सहायता प्रदान करेगी। *फोटो : हरिभूमि*

---

# तलाक दिलाने की धमकी पर सास को मौत के घाट उतारा

- ललिता हत्याकांड का आरोपी दामाद दोस्त सहित रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

ललिता हत्याकांड में गिरफ्तार किए गए उसके दामाद और उसके दोस्त को पुलिस ने मंगलवार का कोर्ट में पेश करने के बाद दो दिन के रिमांड पर लिया है। आरंभिक पूछताछ में यह बात सामने आई है कि ससुर की मौत के बाद से ही वह अपनी सास के घर रहा था। वह पूरी तरह बेरोजगार था और सास ही उसका खर्च उठा रही थी। नौकरी नहीं करने पर सास उसे अपनी बेटी से तलाक दिलाने की धमकी दे रही थी, जिस कारण उसने उसकी हत्या को अंजाम दे दिया।

ललिता के पास 12 जून को फोन आया था। उसे मुआवजे का चेक लेने के लिए रेवाड़ी आने को कहा गया था। वह घर से ऑटो में सवार होकर रेवाड़ी के लिए निकली थी। इसके बाद वह घर नहीं लौटी। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल सका था। उसके भतीजे ने 13 जून को बावल पुलिस स्टेशन में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसी दिन शाम को ललिता का शव एग्रीकल्चर कॉलेज के पास सड़क के गड्ढों में मिला था।

एसपी शशांक कुमार सावन ने बावल एसएचओ को निर्देश दिए थे कि इस ब्लाइंड मर्डर को जल्द ट्रेस आउट किया जाए। पुसिल ने जांच के बाद ललिता के दामाद चरखी दादरी के खोरड़ा निवासी संदीप और उसके दोस्त आशीष को गिरफ्तार कर लिया था।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में हत्या के आरोपी।

### पत्नी को साथ ले जाने का बना रहा था दबाव

खुलासा हुआ है कि संदीप अपने ससुर की मौत के बाद ससुराल में ही रहा था। वह कुछ भी कमाता नहीं था। उसकी सास ही पति-पत्नी का खर्च उठाती थी। अब उसने दामाद को खर्चा देना बंद कर दिया था। सास पर दबाव बनाने के लिए संदीप ने 8 जून को अपनी पत्नी साथ ले जाने को कहा, लेकिन ललिता ने मना कर दिया। इसके बाद ही दोनों के बीच झगड़ा हो गया। संदीप ने दोस्त के साथ मिलकर रेवाड़ी के लिए निकली ललिता को बनीपुर चौक पर ही ऑटो से उतारकर बाइक पर बैठा लिया। कॉलेज के पास सड़क के गड्ढों में गिराकर उसने आशीष के साथ मिलकर गला दबाकर उसकी हत्या कर दी।

---

# ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मारी, दो की मौत, 25 घायल

**पानीपत।** रोहतक हाईवे पर डाहर टोल प्लाजा के पास सोमवार की रात करीब दस बजे तेज रफ्तार ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से टक्कर मार दी। ट्रैक्टर-ट्रॉली पर 35 लोग सवार थे। वहीं, टक्कर लगने से दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि करीब 25 लोग घायल हो गए। राहगिरों ने घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पांच घायलों की की हालत गंभीर बनी हुई है। जबकि बीस घायलों को प्राथमिक चिकित्सा देने के बाद घर भेज दिया गया। इधर, ट्रैक्टर-ट्रॉली में यात्रा कर रहे दीपक ने बताया कि वह पानीपत के गांव शेरा का रहने वाला है। उसके पिता छतरपाल और गांव के करीब 35 लोग सोमवार की शाम करीब छह बजे हर साल की तरह इस बार भी चुलकाना धाम पैदल यात्रा के लिए निकले थे। यात्रा में एक ट्रैक्टर-ट्रॉली भी ले गए थे। जब यात्रा डाहर टोल प्लाजा के पार कर रात करीब 10 बजे गांव नौल्था के पास पहुंची तो ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से एक ट्रक ने जोरदार टक्कर मारी। इस हादसे में 27 लोग इसकी चपेट में आ गए। इनमें से उसके पिता छतरपाल और एक 16 वर्षीय किशोर आशु की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो राहगीरों की मदद से घायलों को सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। वहां चेकअप के बाद डॉक्टरों ने दो को मृत घोषित कर दिया। जबकि 25 घायलों में से करीब 20 को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। बाकी को इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। वहीं, हादसे में आकाश, राजेश, रूपा, अजय, वंश, दक्ष, अजीत, शुभम, अमन, अशोक, चिंटू, काजल, बिमला, अमन, साजन, सागर, मन्नु, अशोक, अनमोल, मीनाक्षी और सूरजभान घायल हुए हैं। मृतक छतरपाल पेशे से बाइक मिस्त्री थे।

---


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/ प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | जीजीएमएसपी स्कूल, गांधो नगर, रोहतक में आरईजी. फ्लोरिंग और दरवाजों इत्यादि का विकास कार्य + 2 कार्य। | 17.06.2024 24.06.2024 | 14.55 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813082444 xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | एमसी रोहतक के विभिन्न वार्डों में (गढ़ी बोहर, रैनकपुरा कॉलोनी, रामजोडी कॉलोनी, जसबीर कॉलोनी, मेडिकल मोड़, गांव सुनारियां) पब्लिक पार्क का निर्माण। | 17.06.2024 01.07.2024 | 1015 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813082444 xenmcrohtak@gmail.com |
| 3 | नगर निगम रोहतक | वार्ड नं. 13, एम.सी. रोहतक में झंग कॉलोनी में विजय पार्क, वर्धमान पार्क और एकता पार्क के अपग्रेडेशन हेतु आकलन। | 15.06.2024 01.07.2024 | 38.77 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813082444 xenmcrohtak@gmail.com |
| 4 | नगर निगम रोहतक | वार्ड नं. 3, एम.सी. रोहतक में पांडव नगर में सुरेन्द्र सहगल के मकान से दीपक डेनी और श्री गणेश इंटरप्राइजेज वाली गली और अप्रोच गली में आईपीबी टाइल का निर्माण + 4 कार्य। | 15.06.2024 21.06.2024 | 48.41 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813082444 xenmcrohtak@gmail.com |
| 5 | नगर निगम रोहतक | वार्ड नं. 5, एम.सी. रोहतक में माता दरवाजा तालाब की रिफिलिंग और पानी निकालने हेतु 10 एचपी मोटर का प्रावधान व फिक्सिंग तथा मोटर के लिए पम्प रूम के निर्माण हेतु आकलन + 6 कार्य। | 14.06.2024 21.06.2024 | 40.16 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813082444 xenmcrohtak@gmail.com |
| 6 | नगर निगम रोहतक | डेयरी कॉम्पलैक्स, कन्हेली रोड, रोहतक में विकास कार्य। | 14.06.2024 05.07.2024 | 1659.36 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813082444 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/120/26867/I/88/6 दि. 18.06.24

## MUNICIPAL COMMITTEE UCHANA (JIND)
### PUBLIC NOTICE/TENDER NOTICE

| S. NO. | NAME OF DEPARTMENT/ BOARD/ CORP./AUTH | NAME OF WORK/ NOTICE/TENDER | Bid Submission Start Date & Bid Submission End Date & Bid Opening Date | Estimated Cost in Rs. | WEBSITE OF THE DEPARTMENT | NODAL OFFICER/ CONTACT DETAILS/EMAIL | TENDER REF. NO/ TENDER NO. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Municipal Committee Uchana | Const. of IPB Street from House of Satpal Pardhan to House of Subhash in Ward No. 12 in MC Uchana. | 18-Jun-2024 09:00 AM & 24-Jun-2024 05:00 PM & 25-Jun-2024 10:00 AM | 8,47,080 | http://etenders.hry.nic.in | mcuchana12@gmail.com | 2024_HRY_ 379562_1 |
| 2 | Municipal Committee Uchana | Const. of IPB Street from House of Jai Narayan to House Ramchander in Ward No. 10 in MC Uchana. | 18-Jun-2024 09:00 AM & 24-Jun-2024 05:00 PM & 25-Jun-2024 10:00 AM | 8,43,451 | http://etenders.hry.nic.in | mcuchana12@gmail.com | 2024_HRY_ 379554_1 |
| 3 | Municipal Committee Uchana | Const. of IPB Street from House of Hariom to House of Pandu in Ward No. 10 in MC Uchana. | 18-Jun-2024 09:00 AM & 24-Jun-2024 05:00 PM & 25-Jun-2024 10:00 AM | 8,44,672 | http://etenders.hry.nic.in | mcuchana12@gmail.com | 2024_HRY_ 379542_1 |
| 4 | Municipal Committee Uchana | Const. of IPB from House of Subhash to Rammher in Ward No. 12 in MC Uchana. | 18-Jun-2024 09:00 AM & 24-Jun-2024 05:00 PM & 25-Jun-2024 10:00 AM | 3,20,550 | http://etenders.hry.nic.in | mcuchana12@gmail.com | 2024_HRY_ 379564_1 |

Sd/- Secretary
Municipal Committee Uchana

## ई-नीलामी सूचना

सब डिवीजनल मजिस्ट्रेट, कमरा नं. 16 (ग्राउंड फ्लोर), लघु सचिवालय, सोनीपत-131001, फोन : 0130-2222100
Website-https://sonipat.gov.in E-mail: sonepatsdm@gmail.com और sonipattehsildar@gmail.com

मै. पार्श्वनाथ डॅवलपर लि., मै. त्रिसला रियलटर्स प्रा. लि., मै. आर्केटिक बिल्डवैल प्रा. लि., मै. हार्मनी बिल्डवैल प्रा. लि. द्वारा मालिकाना प्राप्त निम्नलिखित सम्पत्ति को "जैसा है जहां है जो भी है वहां है आधार" पर एचएसआईआईडीसी के ई-नीलामी पोर्टल पर आयोजित ऑनलाइन नीलामी के माध्यम से HTTP://HSIIDC.BIDX.IN पर आयोजित ऑनलाइन नीलामी के माध्यम से बेचा जाएगा /निपटान किया जाएगा।

| क्र. सं. | सम्पत्ति/केस का नाम | बिक्री हेतु परिसम्पत्तियों का विवरण | (i) आरक्षित मूल्य (ii) ईएमडी (iii) बोली वृद्धि |
|---|---|---|---|
| 1. | पार्श्वनाथ सिटी, सोनीपत में हाई स्कूल स्थल* | गांव रायपुर तहसील व जिला सोनीपत के राजस्व सम्पदा में स्थित खसरा नं. 13//8 मिन, 9 मिन, 12 मिन, 13, 18, 19 मिन, 22 मिन में स्थित पार्श्वनाथ सिटी, सोनीपत में हाई स्कूल स्थल माप 5.07 एकड़ या यूं कहें कि 40 कनाल अथवा यूं कहें कि 24538 वर्ग गज। | i) रु. 28,21,87,000/- ii) रु. 2,82,18,700/- iii) रु. 10,00,000/- |

*मै. पार्श्वनाथ डॅवलपर लि. के पास भौतिक कब्जा और उपरोक्त सम्पत्ति कलैक्टर सोनीपत के आदेशानुसार पत्र सं. 115/डी.आर.ए. दिनांक 12.04.2023 के तहत संलग्न है।

**पंजीकरण हेतु कार्यक्रम**

| पंजीकरण / भागीदारिता शुल्क जमा (ईएमडी) की प्रारम्भिक तिथि | hsiidc.bidx.in पर पंजीकरण / भागीदारिता शुल्क जमा (ईएमडी) की अन्तिम तिथि | ई-नीलामी |
|---|---|---|
| 20.06.2024 पूर्वा. 10 बजे से | 25.06.2024 अप. 11.59 बजे तक | 03.07.2024 11:00 बजे से 14:00 बजे तक (विस्तारों के अधीन) |

ई-नीलामी की प्रक्रिया समेत विस्तृत नियम एवं शर्तें निहित विवरणिका पोर्टल https://hsiidc.bidx.in पर उपलब्ध है।
पंजीकरण प्रक्रिया और ई-नीलामी के दौरान किसी सहायता हेतु, बोलीदाता ई-नीलामी पोर्टल https://hsiidc.bidx.in पर उपलब्ध 'यूजर मैनुअल' देख सकते हैं अथवा हैल्पलाइन नं. +91-96939-91992 Email ID-hsiidc.eauction.bidx@gmail.com पर सोमवार से शुक्रवार तक पूर्वा. 9:30 बजे से अप. 6:45 बजे तक मै. एनएसईआईटी से सम्पर्क करें।
आगे किसी स्पष्टीकरण हेतु, इच्छुक पार्टियां नीचे दिये गये कार्यालयों में से किसी में सम्पर्क कर सकते हैं :
**तहसील कार्यालय** : टीआरए ब्रांच, कमरा नं. 3, ग्राउंड फ्लोर, लघु सचिवालय, सोनीपत, सम्पर्क व्यक्ति श्री मुकेश कुमार - एडब्ल्यूबीएन मो.-9416411934 एवं श्री रोहित-एडब्ल्यूबीएन मो.-8168515528

## ई-नीलामी सूचना नं.

सब डिवीजनल मजिस्ट्रेट, कमरा नं. 16 (ग्राउंड फ्लोर), लघु सचिवालय, सोनीपत-131001, फोन : 0130-2222100
Website-https://sonipat.gov.in E-mail: sonepatsdm@gmail.com और sonipattehsildar@gmail.com

शम्भु दयाल मॉडर्न स्कूल द्वारा मालिकाना प्राप्त निम्नलिखित सम्पत्ति को "जैसा है जहां है जो भी है वहां है आधार" पर एचएसआईआईडीसी के ई-नीलामी पोर्टल पर आयोजित ऑनलाइन नीलामी के माध्यम से HTTP://HSIIDC.BIDX.IN पर आयोजित ऑनलाइन नीलामी के माध्यम से बेचा जाएगा /निपटान किया जाएगा।

| क्र. सं. | सम्पत्ति/केस का नाम | बिक्री हेतु परिसम्पत्तियों का विवरण | (iv) आरक्षित मूल्य (v) ईएमडी (vi) बोली वृद्धि |
|---|---|---|---|
| 1. | शम्भु दयाल मॉडर्न स्कूल, गोहाना रोड, गढ़ी ब्राह्मणान तहसील व जिला सोनीपत | गांव गढ़ी ब्राह्मणान तहसील व जिला सोनीपत के राजस्व सम्पदा में स्थित खसरा नंबर 8//13 मिन, 14/1 मिन, 14/2 मिन, 17/1/1 मिन, 17/1/2 मिन, 18/1 मिन, 27/1/1 मिन, 27/2/1 मिन में स्थित शम्भु दयाल मॉडर्न स्कूल, गोहाना रोड, गढ़ी ब्राह्मणान, सोनीपत भूमि माप 14 कनाल 19 मरला अथवा यूं कहें कि-9044 वर्ग गज | iv) रु. 13,91,05,764/- v) रु. 1,39,10,576/- vi) रु. 13,00,000/- |

*टिप्पणी* :- शम्भु दयाल मॉडर्न स्कूल के पास भौतिक कब्जे के तहत और उपरोक्त सम्पत्ति कलैक्टर सोनीपत के आदेशानुसार और दिनांक 03.11.2023 के तहत कलैक्टर, सोनीपत के आदेशानुसार बिक्री अनुमति संलग्न है।

**पंजीकरण हेतु कार्यक्रम**

| पंजीकरण / भागीदारिता शुल्क जमा (ईएमडी) की प्रारम्भिक तिथि | hsiidc.bidx.in पर पंजीकरण / भागीदारिता शुल्क जमा (ईएमडी) की अन्तिम तिथि | ई-नीलामी की तिथि |
|---|---|---|
| 20.06.2024 पूर्वा. 10 बजे से | 25.06.2024 अप. 11.59 बजे तक | 03.07.2024 11:00 बजे से 14:00 बजे तक (विस्तारों के अधीन) |

ई-नीलामी की प्रक्रिया समेत विस्तृत नियम एवं शर्तें निहित विवरणिका पोर्टल https://hsiidc.bidx.in पर उपलब्ध है।
पंजीकरण प्रक्रिया और ई-नीलामी के दौरान किसी सहायता हेतु, बोलीदाता ई-नीलामी पोर्टल https://hsiidc.bidx.in पर उपलब्ध 'यूजर मैनुअल' देख सकते हैं अथवा हैल्पलाइन नं. +91-96939-91992 Email ID-hsiidc.eauction.bidx@gmail.com पर सोमवार से शुक्रवार तक पूर्वा. 9:30 बजे से अप. 6:45 बजे तक मै. एनएसईआईटी से सम्पर्क करें।
आगे किसी स्पष्टीकरण हेतु, इच्छुक पार्टियां नीचे दिये गये कार्यालयों में से किसी में सम्पर्क कर सकते हैं :
**तहसील कार्यालय** : टीआरए ब्रांच, कमरा नं. 3, ग्राउंड फ्लोर, लघु सचिवालय, सोनीपत, सम्पर्क व्यक्ति श्री मुकेश कुमार - एडब्ल्यूबीएन मो.-9416411934 एवं श्री रोहित-एडब्ल्यूबीएन मो.-8168515528
पीआरडीएच-1029/11/446/2025/26863/88/6 दि. 18.06.24



हरियाणा सरकार



"समर्पित श्रम और सृजन कौशल के धनी श्रमिक भाई देश व प्रदेश के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते रहे हैं। हरियाणा सरकार का सदैव प्रयास रहा है कि हम इनकी मूलभूत जरूरतों के साथ-साथ इन्हें आधुनिक सुविधाएँ भी उपलब्ध करवाते रहें।"
– नायब सिंह

"सरकार का मार्ग 'श्रम की गरिमा', 'आत्मनिर्भर श्रमिक' और 'गरीबों का कल्याण' है।"
– नरेन्द्र मोदी

श्रमेव जयते !

# श्रमिक जागरूकता एवं सम्मान समारोह

**निर्माण श्रमिकों को 18 योजनाओं के एक लाख से अधिक लाभों का वितरण**

**दिनांक – 19 जून, 2024 । समय – प्रातः 9 बजे**
**स्थान – नई अनाज मंडी, रोहतक रोड, जींद**



## राज्य स्तरीय समारोह

मुख्य अतिथि
**श्री नायब सिंह**
मुख्यमंत्री, हरियाणा

विशिष्ट अतिथि
**श्री मूल चंद शर्मा**
श्रम मंत्री, हरियाणा

**श्रमिकों को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की सुविधा**

## नई पहल

- **श्रमिक पंजीकरण प्रोत्साहन योजना** – अब निर्माण श्रमिकों को पंजीकरण पर **₹1100 की वित्तीय सहायता** दी जाएगी।
- कन्यादान एवं विवाह सहायता की **75 प्रतिशत राशि विवाह के तीन दिन पूर्व** मिलेगी।
- निर्माण श्रमिकों को **₹3,500 प्रतिमाह की दर से वृद्धावस्था पेंशन** दी जाएगी।

**सभी निर्माण श्रमिक सादर आमंत्रित हैं**

कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

श्रम विभाग, हरियाणा

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @dipdharyana

# आज से शुरू होंगे सुपर-8 के इम्तिहान, ट्रॉफी के लिए महाजंग का आगाज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टी-20 विश्व कप 2024 में ग्रुप दौर के सभी मैच वेस्टइंडीज और अफगानिस्तान के बीच हुए मैच के बाद समाप्त हो गए। इस बीच सुपर-8 चरण की तस्वीर साफ हो गई है। मेजबान अमेरिका क्रिकेट टीम और दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के बीच 19 जून को होने वाले मैच के साथ सुपर-8 की शुरुआत हो जाएगी। भारत की पहली टक्कर 20 जून को अफगानिस्तान से होगी। इस बार विश्व कप विजेता टीम को 24.5 लाख डॉलर (लगभग 20 करोड़ रुपये) मिलने वाले हैं।

### ग्रुप-1 में मौजूद है भारतीय टीम

भारतीय क्रिकेट टीम ने अपने ग्रुप दौर में शीर्ष स्थान हासिल किया था। अब सुपर-8 के ग्रुप-1 में भारतीय टीम के साथ गत विजेता ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम जैसी प्रबल दावेदार शामिल है। इस ग्रुप में अफगानिस्तान और बांग्लादेश अन्य टीमें हैं।

## अच्छे फार्म में चल रही अमरीकी टीम की आज द.अफ्रीका से होगी भिड़ंत

टी-20 विश्व कप 2024 के सुपर-8 मैच में अमेरिका क्रिकेट टीम का सामना दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम से 19 जून को होगा। मेजबान अमेरिका ने ग्रुप स्टेज में पाकिस्तान जैसी मजबूत टीम को हराकर उलटफेर किया है। ऐसे में प्रोटियाज टीम पहली बार विश्व कप में हिस्सा ले रही अमेरिकी टीम को हल्के में नहीं लेना चाहेगी। ये दोनों टीमें पहली बार किसी टी-20 अंतरराष्ट्रीय में आमने-सामने होने वाली हैं। अमेरिका और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाला यह मैच आज एंटिगा के सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में भारतीय समयानुसार रात 8 बजे से खेला जाएगा।



### ऐसी हो सकती है अमेरिकी टीम

अमेरिका के सलामी बल्लेबाज शायन जहांगीर अब तक कोई अच्छी पारी नहीं खेल पाए हैं। उनके ऊपर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाने की जिम्मेदारी होगी। गेंदबाजी में सौरभ नेत्रवलकर के प्रदर्शन पर नजरें रहने वाली हैं। वह नई गेंद से अपनी टीम के लिए विकेट लेना चाहेंगे।

### इनके प्रदर्शन पर होंगी नजरें

अमेरिका के आक्रामक बल्लेबाज जोन्स ने 3 पारियों में 141.00 की औसत और 160.22 की स्ट्राइक रेट से 141 रन बनाए हैं। नोर्खिया इस समय जोरदार फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने 4 मैचों में 7.77 की औसत और 4.37 की इकॉनमी रेट से 9 विकेट लिए हैं। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज नेत्रवलकर ने 3 मैचों में 5.20 की इकॉनमी रेट के साथ 4 विकेट अपने नाम किए हैं।

### संभावित टीमें

अमेरिका : स्टीवन टेलर, शायन जहांगीर, एंड्रीस गौस (विकेटकीपर), आरोन जोन्स (कप्तान), नितीश कुमार, कोरी एंडरसन, हरमीत सिंह, शैडली वैन शल्कविक, जसदीप सिंह, सौरभ नेत्रवलकर और अली खान।

दक्षिण अफ्रीका : क्विंटन डिकॉक (विकेटकीपर), रीजा हेंड्रिक्स, एडेन मार्करम (कप्तान), हेनरिक क्लासेन, डेविड मिलर, ट्रिस्टन स्टब्स, मार्को येंसन, कगिसो रबाडा, एनरिक नोर्खिया, ओटनील बार्टमैन और तबरेज शम्सी।


### ग्रुप-2 में मेजबान अमेरिका

ग्रुप-2 में इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और अमेरिका मौजूद हैं। दिलचस्प रूप से पहली बार टी-20 विश्व कप में हिस्सा ले रही अमेरिका ने अविश्वसनीय प्रदर्शन करते हुए अगले दौर में जगह बनाई है।

### दोनों ग्रुप की शीर्ष 2 टीमें करेंगी सेमीफाइनल में प्रवेश

सुपर-8 के प्रत्येक ग्रुप की शीर्ष 2 टीमें सेमीफाइनल में प्रवेश करेंगी। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, 27 जून को पहला सेमीफाइनल त्रिनिडाड के ब्रायन लारा स्टेडियम में होगा। इसके बाद दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला भी 27 जून को गुयाना के प्रोविडेंस स्टेडियम में खेला जाएगा। आखिर में खिताबी मुकाबला 29 जून को केंसिंग्टन ओवल में खेला जाएगा।

## खबर संक्षेप



### ओलंपिक में नहीं खेलेंगी सबालेंका और जाबूर

**बर्लिन।** ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन आर्यना सबालेंका और दो बार की विंबलडन फाइनलिस्ट ओन्स जाबूर पेरिस ओलंपिक से हट गई हैं। इन दोनों खिलाड़ियों ने कहा कि वे घास के कोर्ट पर होने वाले विंबलडन के तुरंत बाद क्लेकोर्ट पर नहीं खेलना चाहतीं। बेलारूस की विश्व में तीसरे नंबर की खिलाड़ी सबालेंका ने कहा कि वह पेरिस ओलंपिक में खेलने के बजाय आराम करना चाहेंगी। उन्होंने कहा, ''कार्यक्रम बहुत व्यस्त है और मैंने अपने स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर यह फैसला किया। मैं अगली प्रतियोगिताओं के लिए शारीरिक और स्वास्थ्य स्तर पर तैयार होने के लिए आराम करने को प्राथमिकता दूंगी।

### अर्जुन ने स्टीफन अवग्यान मेमोरियल जीता, रेटिंग में चौथे स्थान पर पहुंचे



**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए आर्मेनिया के जर्मुक में स्टीफन अवग्यान मेमोरियल 2024 का खिताब जीता जबकि अभी एक दौर की बाजी खेली जानी बाकी है। एरिगैसी ने आठवें दौर में रूस के ग्रैंड मास्टर वोलोदार मुर्जिन को 63 चाल में हराया। इससे उनके चार जीत और इतने ही ड्रॉ के बाद छह अंक हो गए हैं। इस टूर्नामेंट में कुल 10 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इस जीत से अर्जुन लाइव रेटिंग में अपने करियर के सर्वोच्च चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। इस टूर्नामेंट से वह अभी तक नौ अंक हासिल कर चुके हैं जिससे उनके कुल 2779.9 अंक हो गए हैं। नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन तथा अमेरिका के हिकारू नाकामुरा और फैबियानो कारुआना उनसे आगे हैं।

### ईस्ट बंगाल ने डेविड से 3 साल का किया करार

**कोलकाता।** सुपर कप फुटबॉल चैंपियन ईस्ट बंगाल एफसी ने उभरते हुए भारतीय फारवर्ड डेविड लालहलानसांगा के साथ तीन साल के अनुबंध की घोषणा की। भारत के सबसे प्रतिभावान युवा स्ट्राइकरों में से एक डेविड पिछले साल कलकत्ता फुटबॉल लीग और डूरंड कप में शीर्ष स्कोरर थे। उन्होंने मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब की पहली आईलीग खिताबी जीत में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। डेविड को बर्खास्त किए गए मुख्य कोच इगोर स्टिमिक ने भारत के आखिरी दो विश्व कप क्वालीफायर मुकाबलों के लिए टीम में शामिल किया था जो कुवैत के खिलाफ घरेलू मैदान पर और कतर के खिलाफ उसके मैदान पर हुए थे। डेविड को हालांकि मैदान पर उतरने का मौका नहीं मिला।

टी-20 विश्व कप : ग्रुप मैच के अंतिम मुकाबले में 104 रन से दी शिकस्त

# पूरन की धमाकेदार पारी से वेस्टइंडीज की अफगानिस्तान पर शानदार जीत

एजेंसी ▶▶| ग्रॉस आइलेट

निकोलस पूरन ने छक्के जड़ने के अपने कौशल का शानदार नमूना पेश किया जिससे वेस्टइंडीज ने टी20 विश्व कप के ग्रुप सी के अपने अंतिम मैच में अफगानिस्तान को 104 रन से करारी शिकस्त दी। दोनों टीम पहले ही सुपर 8 में अपनी जगह पक्की कर चुकी थी और इस मैच से ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली टीम का निर्धारण होना था। दो बार के चैंपियन वेस्टइंडीज ने पांच विकेट पर 218 रन बनाए जिसमें पूरन ने 53 गेंद पर 98 रन का योगदान दिया। उन्होंने अपनी पारी में छह चौके और आठ छक्के लगाए। अफगानिस्तान की टीम इसके जवाब में 16.2 ओवर में 114 रन पर आउट हो गई। उसकी तरफ से इब्राहिम जादरान ने सर्वाधिक 38 रन बनाए। वेस्टइंडीज के लिए ओबेद मैकॉय ने 14 रन देकर तीन ,अकील हुसैन ने 21 रन देकर दो और गुडाकेश मोती ने 28 रन देकर दो विकेट लिए।



### वेस्टइंडीज ने दर्ज की जोरदार जीत

ब्रेंडन किंग (7) के जल्दी आउट होने के बाद जॉनसन चार्ल्स (43) और निकोलस पूरन (98) ने उम्दा पारी खेली। इनके अलावा शाई होप (25) और रोवमैन पॉवेल (26) ने टीम का स्कोर 200 के पार पहुंचाया। जवाब में रहमानुल्लाह गुरबाज (0) और नईब (7) जल्दी पवेलियन लौट गए। खराब शुरुआत के बाद भी अफगान टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट खोए। इस बीच इब्राहीम जादरान ने सर्वाधिक 23 रन बनाए। वेस्टइंडीज से ओबेद मैककॉय ने 3 विकेट लिए।

### पूरन ने पूरे किए अपने 2,000 टी-20 अंतरराष्ट्रीय रन पूरे

पूरन ने 53 गेंदों पर 6 चौकों और 8 छक्कों की मदद 98 रन की पारी खेली। वह पारी के आखिरी ओवर में रन आउट हुए। इस दौरान उन्होंने 2,000 टी-20 रन पूरे किए। उन्होंने 98 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 2,012 रन बना लिए हैं। इस बीच उन्होंने 12 अर्धशतक लगाए हैं। अफगानिस्तान के खिलाफ 98* रन अब उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ स्कोर है।

### पूरन ने टी-20 क्रिकेट में पूरे किए अपने 500 छक्के

पूरन अब क्रिस गेल (124) को भी पीछे छोड़ते हुए टी-20 अंतरराष्ट्रीय में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले वेस्टइंडीज के बल्लेबाज बन गए। उनके नाम अब 128 छक्के हैं। पूरन अब 500 टी-20 छक्के (502) पूरे करने वाले छठे बल्लेबाज भी बन गए। वह गेल (1,056), कीरोन पोलार्ड (860), आंद्रे रसेल (686), कॉलिन मुनरो (548) और रोहित शर्मा (514) की सूची में शामिल हुए। पूरन ने टी-20 विश्व कप की एक पारी में तीसरे सबसे ज्यादा छक्के (8) लगाए।

### वेस्टइंडीज ने बनाया रिकॉर्ड स्कोर

पूरन और चार्ल्स की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की बदौलत वेस्टइंडीज ने पावरप्ले में 92/1 का स्कोर बना लिया था। यह इस टूर्नामेंट के इतिहास में पावरप्ले का सबसे बड़ा स्कोर भी बन गया। इससे पहले ये रिकॉर्ड आयरलैंड (91/1 बनाम नीदरलैंड, 2014) के नाम पर दर्ज था। कुल मिलाकर यह टी-20 इतिहास का चौथा सबसे बड़ा पावरप्ले स्कोर है। इसके अलावा यह टी-20 अंतरराष्ट्रीय में वेस्टइंडीज के लिए दूसरा सबसे बड़ा पावरप्ले स्कोर भी है।



## नीरज चोपड़ा ने पावो नुरमी खेलों में स्वर्ण पदक जीता

भाषा ▶▶| तुर्कु (फिनलैंड)

भारत के ओलंपिक और विश्व चैम्पियन भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने एक महीने बाद वापसी करते हुए पावो नुरमी खेलों में मंगलवार को पहली बार स्वर्ण पदक जीता। चोपड़ा ने 2022 में यहां रजत पदक जीता था। उन्होंने तीसरे प्रयास में 85.97 मीटर के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया। फिनलैंड के टोनी केरानेन ने 84.19 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता । वहीं उनके हमवतन और पिछली बार के स्वर्ण पदक विजेता ओलिवर हेलांडेर को कांस्य पदक जीता जिन्होंने 83.96 मीटर का थ्रो फेंका। चोपड़ा ने 83.62 मीटर के साथ शुरूआत की। दूसरे दौर में हेलांडेर ने 83 . 96 मीटर के साथ बढत बना ली लेकिन तीसरे दौर में चोपड़ा ने 85.97 मीटर के साथ फिर बढत हासिल कर ली जो अंत तक बनी रही। 26 वर्ष के चोपड़ा ने तीसरे प्रयास के बाद हाथ उठाकर अपने अंदाज में तेज आवाज निकालकर जश्न मनाया। पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण के दावेदार चोपड़ा ने दो साल पहले इस टूर्नामेंट में 89.30 मीटर के साथ रजत पदक जीता था। दो बार के विश्व चैम्पियन ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स 82.58 मीटर के थ्रो के साथ चौथे स्थान पर रहे जबकि 2012 ओलंपिक चैम्पियन त्रिनिदाद और टोबैगो के केशोर्न वालकॉट 81.93 मीटर के साथ छठे स्थान पर रहे। चोपड़ा ने पिछले महीने एहतियात के तौर पर ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक से नाम वापिस ले लिया था चूंकि वह जांघ के भीतरी हिस्से की मांसपेशी में असहज महसूस कर रहे थे। उन्होंने सत्र की शुरूआत मई में दोहा डाइमंड लीग में 88.36 मीटर के थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहकर की। उन्होंने भुवनेश्वर में फेडरेशन कप राष्ट्रीय सीनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में भी भाग लेकर 82.27 मीटर के साथ स्वर्ण पदक जीता। अब वह सात जुलाई को पेरिस डायमंड लीग में भाग लेंगे।

## विंबलडन चैंपियन वोंद्रोसोवा ने ग्रास कोर्ट सत्र की शुरुआत की जीत के साथ

**बर्लिन।** विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा ने अपने ग्रास कोर्ट सत्र की शुरुआत बर्लिन लेडीज ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में क्वालीफायर रेबेका मसारोवा के खिलाफ सीधे सेट में जीत के साथ की। पांचवीं वरीय वोंद्रोसोवा ने रेबेका को 6-4, 6-3 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। वोंद्रोसोवा ने तीन बार रेबेका की सर्विस तोड़ी और फोरहैंड विनर लगाकर जीत हासिल की। चेक गणराज्य की वोंद्रोसोवा ने फ्रेंच ओपन के पहले दौर में भी स्पेन की इस खिलाड़ी को हराया था।



**दूसरे दौर में अन्ना से मुकाबला :** वोंद्रोसोवा दूसरे दौर में अन्ना केलिन्सकाया से भिड़ेंगी। पिछले साल वोंद्रोसोवा विंबलडन खिताब जीतने वाली पहली गैरवरीय महिला खिलाड़ी बनीं थी। उन्होंने फाइनल में 2022 की उप विजेता ओन्स जेब्युर को 6-4, 6-4 से हराया था।

## तोंडाइमन, राजेश्वरी ओलंपिक के लिए पांच सदस्यीय भारतीय शॉटगन टीम में

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सीनियर ट्रैप निशानेबाज पृथ्वीराज तोंडाइमन आगामी पेरिस ओलंपिक में भारतीय शॉटगन टीम की अगुवाई करेंगे। उन्हें भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ ने मंगलवार को खेलों के महाकुंभ के लिए घोषित पांच सदस्यीय टीम में जगह दी जिसके सभी खिलाड़ी पहली बार इन खेलों में हिस्सा लेंगे। पेरिस खेल 26 जुलाई से 11 अगस्त तक आयोजित किए जाएंगे।

टोंडाइमन ने पुरुषों की ट्रैप स्पर्धा में जगह बनाई है जबकि राजेश्वरी कुमारी महिलाओं की ट्रैप स्पर्धा में निशाना साधेंगी। अनंतजीत सिंह नरुका भारत के एकमात्र पुरुष स्कीट निशानेबाज होंगे जबकि रायजा ढिल्लों और महेश्वरी चौहान महिला स्कीट में उन पांच कोटा स्थानों को पूरा करेंगी जो शॉटगन टीम ने क्वालीफिकेशन चक्र के दौरान हासिल किए थे। महेश्वरी और अनंतजीत स्कीट मिश्रित टीम स्पर्धा में एकमात्र भारतीय जोड़ी के रूप में भी भाग लेंगे। यह स्पर्धा पेरिस खेलों में पहली बार हो रही है। भारत के पांचों शॉटगन निशानेबाज अपने पहले ओलंपिक खेलों में प्रतिस्पर्धा करेंगे।



## द. अफ्रीका पर अजेय बढ़त बनाने आज उतरेगी भारतीय महिला टीम

एजेंसी ▶▶| बेंगलुर

पहले मैच में बड़ी जीत से उत्साहित भारतीय महिला टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आज बुधवार को यहां होने वाले दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखकर श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बनाने की कोशिश करेगी। भारत ने पहले मैच में 143 रन से जीत दर्ज की लेकिन टीम कुछ खिलाड़ियों के प्रदर्शन को लेकर चिंतित होगी। मैच दोपहर 1.30 बजे शुरू होगा। पहला मैच में बल्लेबाजी में दिखीं खामियां इस तरह से भारत ने पहला मैच स्मृति मंधाना के शतक और स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत जीता। बल्लेबाजी में हालांकि उसकी कुछ कमजोरियां खुलकर सामने आई। भारत के लिए सबसे बड़ी चिंता सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा का वनडे में लगातार खराब प्रदर्शन है। पिछले छह मैच में वह दोहरे अंक में भी नहीं पहुंच पाई। उन्हें टीम ने अपनी जगह बनाए रखने के लिए बड़ी पारी खेलने की जरूरत है। कप्तान हरमनप्रीत कौर का बल्ला भी नहीं चल पा रहा है। पिछले 5 मैच में उन्होंने 14, 9, 5, 3 और 10 रन बनाए।



भारत का अफगानिस्तान, बांग्लादेश और ऑस्ट्रेलिया से होना है मुकाबला

# ट्रॉफी का सूखा खत्म करना चाहेगी टीम इंडिया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईसीसी मेंस टी20 विश्व कप 2024 का ग्रुप स्टेज खत्म हो गया है। अब सुपर-8 राउंड के मुकाबले आज 19 जून से खेले जाएंगे। भारत का पहला मैच 20 जून को अफगानिस्तान से है। भारत को इसके बाद बांग्लादेश और ऑस्ट्रेलिया से भी दो-दो हाथ करना है। हालांकि, सुपर-8 का इम्तिहान पास होने के लिए भारत को अपनी 3 परेशानियों का हल ढूंढना होगा। वर्ना खिताब का सपना दूर की कौड़ी साबित होगा।

अभी तक उतार-चढ़ाव वाले मैचों में जीत हासिल करने वाली रोहित शर्मा एंड कंपनी को जीत के लिए ऐड़ी चोटी का जोर लगाना पड़ेगा। भारत के लिए परेशानी की बात ये है कि कई खिलाड़ी ऐसे हैं, जो ग्रुप स्टेज में हर मैच में उतरे लेकिन या तो उन्हें खेलने का पूरा मौका नहीं मिला या उनके फॉर्म ने दगा दे दिया। ऐसे ही एक खिलाड़ी हैं विराट कोहली।



### विराट का फॉर्म चिंता बढ़ाने वाला

विराट कोहली ग्रुप स्टेज के तीनों ही मैचों में नाकाम रहे और सिर्फ 5 रन ही बना पाए। ओपनिंग करते हुए कोहली टी20 विश्व कप में सिर्फ 10 गेंद ही खेल पाए हैं।

### रवींद्र जडेजा का फीका प्रदर्शन

जडेजा टीम इंडिया के नंबर-1 ऑलराउंडर हैं लेकिन, टी20 विश्व कप के ग्रुप स्टेज में वो न तो गेंद और न ही बल्ले से कुछ खास कर पाए। जडेजा का तीनों मैच में न बल्लेबाजी में और न ही गेंदबाजी में खाता तक नहीं खुला। ऐसे में जडेजा को लेकर टीम मैनेजमेंट को कोई निर्णय लेना होगा। जडेजा और अक्षर पटेल दोनों में से किसी एक को बाहर करके कुलदीप यादव को धाकड़ स्पिनर के रूप में जोड़ा जा सकता है ।

### कप्तान-उपकप्तान को दिखाना होगा दम

रोहित शर्मा का आयरलैंड के खिलाफ अर्धशतक छोड़ दें तो बाकी दो मैच में वो फ्लॉप रहे। हार्दिक पंड्या ने गेंदबाजी जरूरी अच्छी की है लेकिन, बल्लेबाजी में वो पाकिस्तान के खिलाफ वो नाकाम रहे थे। बाकी दो मैच में उनकी बल्लेबाजी नहीं आई। पंड्या ने ग्रुप स्टेज में 3 मैच में 7 विकेट लिए थे। यानी अब कप्तान और उपकप्तान दोनों को एक और एक ग्यारह की तर्ज पर विरोधी टीम पर बरसना होगा।


**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।**

मु.न. 140 दिनांक 11.06.2024 धारा 346 भा.द.स. थाना HSIIDC BARHI जिला सोनीपत।

गुमशुदा की पहचान



**नाम**- अनिल ।
**पिता का नाम**- रामकिशन ।
**पता**- एन.28, बी.380, सी.एस.ए. कोलोनी वजीरपुर थाना अशोक विहार दिल्ली हाल किराएदार गांव बड़ी जिला सोनीपत ।
**उम्र**- 34 वर्ष ।
**कद**- 5 फुट 6 ईन्च ।
**हुलिया**:- रंग साँवला, हृष्ट-पुष्ट शरीर, गोल चेहरा, काली आँखें।
**पहनावा**:- सफेद बैगनी रंग की टी-शर्ट काले रंग की पेन्ट, पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए है।

दिनांक 11.06.2024 को अनिल पुत्र रामकिशन वासी एन.28, बी.380, सी.एस.ए. कोलोनी वजीरपुर थाना अशोक विहार दिल्ली हाल किराएदार गांव बड़ी जिला सोनीपत कम्पनी नं.17 फेस 1 बड़ी जिला सोनीपत से बिना बताए घर से कही पर चला गया। जो अब तक घर वापिस नही आया है। जिस सम्बंध में मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त के बारे में कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नंबरों पर सुचित करे।

प्रबन्धक थाना मो. नं. - 7419410641
अनुसंधानकर्ता मो. नं. - 9896906392
कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत।

पीआरडीएच-1084/11/2440/2025/26860/88/6 दि. 18.06.24

चिंतन

# रोजमर्रा की चीजों की बढ़ती महंगाई पर लगाम जरूरी

बेशक शेयर बाजार नित नए रिकार्ड बना रहे हो, जीएसटी कलेक्शन नई ऊंचाई छू रहा हो, प्रत्यक्ष कर संग्रह का आंकड़ा चार लाख करोड़ को पार कर गया हो, जीडीपी ग्रोथ के अनुमान सात फीसदी से ऊपर लगाए जा रहे हों, रिजर्व बैंक नीतिगत दरें नहीं बढ़ा या घटा रहे हो, लेकिन अर्थव्यवस्था की दूसरी तस्वीर पीड़ा देने वाली है। आम आदमी को प्रभावित करने वाली महंगाई प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। देश में इस वक्त गेहूं का भंडार 16 वर्ष में सबसे कम है, सरकार ने 29 फीसदी कम खरीद की है। गेहूं एक साल में 8% महंगा हुआ है। पिछले 15 दिन में ही कीमतें 7% बढ़ चुकी हैं, जो अगले 15 दिन में 7% और बढ़ सकती हैं। आंकड़ों में बेशक महंगाई नियंत्रित लग रही हो, लेकिन लोगों की रोजमर्रा की जरूरतों की सभी वस्तुओं के दाम बढ़ गए हैं। दूध, गेहूं आटा, चावल, ब्रेड, बटर, पनीर, दही, लस्सी, पैक्ड फूड, आइसक्रीम, चॉकलेट, चायपत्ती, कॉफी, साबुन, हेयर ऑयल, टूथपेस्ट, खाद्य तेल, दाल, गुड़, सब्जी, फल, बोतलबंद पानी, सॉफ्ट ड्रिंक्स, नूडल्स आदि सभी के भाव दो से बीस प्रतिशत तक बढ़ गए हैं। गरीब, नियो मिडिल क्लास, निम्न मध्यवर्ग, नौकरीपेशा मिडिल क्लास आदि के लिए दैनिक जीवनयापन मुश्किल से मुश्किल होता जा रहा है। इन सभी आयवर्ग में देश में करोड़ों लोग हैं। देश की खाने-पीने से जुड़ी कंपनियां मनमाने ढंग से अपने उत्पादों के दाम बढ़ा रही हैं, इसको लेकर सरकार की ओर से चेक एंड बैलेंस नहीं हैं। इतना ही नहीं हाल के दिनों में इलेक्ट्रानिक गजट से लेकर लैपटॉप, टीवी, कंप्यूटर, फ्रीज, एसी, कूलर, पंखा आदि के दाम भी दस से बीस प्रतिशत बढ़ गए हैं, सभी प्रकार के वाहन महंगे हैं, पेट्रोल और डीजल के दाम पहले से लागत से बहुत अधिक हैं, सरकारी पेट्रोलियम कंपनियां मुनाफा काट रही हैं, टॉल टैक्स की दरें ज्यादा हैं, रेल किराये से लेकर बस किराये तक बढ़ते गए हैं। आम आदमी हर तरफ से महंगाई के चक्रव्यूह में हैं। सरकार की मूल्य नियंत्रण प्रणाली या तो सीमित है या निष्प्रभावी है। देश में चीजों की कमी नहीं है, लेकिन आपूर्ति श्रृंखला के दायरे में आने वाले हर चीज इंटरलिंक्ड है, इसलिए महंगाई को नियंत्रित करने के लिए व्यापक दृष्टिकोण की जरूरत है। सरकार रिजर्व बैंक के भरोसे है कि वह महंगाई को नियंत्रित कर रहा है। रिजर्व बैंक के पास केवल मौद्रिक नीति हथियार है। रिजर्व बैंक अपनी मौद्रिक नीति के जरिये रेपो रेटों को नियंत्रित रखता है, महंगाई अधिक होती है, तो रेपो रेट बढ़ा दिए जाते हैं, महंगाई कम होती है तो रेपो रेट घटा दिए जाते हैं। रिजर्व बैंक अपने इस कदम से केवल पूंजी बाजार में लिक्विडिटी को नियंत्रित करता है। रिजर्व बैंक का मौद्रिक उपाय महंगाई नियंत्रण के लिए किए जाने वाले कई उपायों में से एक है। इससे महंगाई पूरी तरह नियंत्रित नहीं का जा सकती है। महंगाई नियंत्रण के लिए सरकार को अनेक मोर्चे पर काम करना होगा। कंपनियों की प्राइसिंग पद्धत्ति, आपूर्ति सिस्टम में सुधार, जमाखोरी व कालाबाजी पर रोक, कंपनियों द्वारा दाम बढ़ाने के मनमाने तरीके पर लगाम आदि काम करने होंगे। देश में सेबी या इरडा या ट्राई की तरह प्राइसिंग सिस्टम व कंट्रोलिंग नियामक का गठन करना होगा, जो मूल्य नियंत्रण के लिए मूल्य निर्धारण से लेकर आपूर्ति तंत्र तक के लिए काम करेगा। पीएम मोदी की नई राजग सरकार को महंगाई नियंत्रण के लिए आउट ऑफ बॉक्स जाकर नया मैकेनिज्म बनाना चाहिए। यह महंगाई ही थी, जो लोकसभा चुनाव में सत्ताधारी भाजपा को नुकसान पहुंचाई है।



ज्वलंत मुद्दा
योगेश कुमार गोयल

# जल संकट दूर करने के उपाय हों

पानी को लेकर कुछ समय पूर्व सामने आई वैश्विक संकट की एक रिपोर्ट में चौंकाने वाला यह तथ्य सामने आया था कि जल संरक्षण के प्रयासों को गति देने के बजाय दुनियाभर में पानी को बेतहाशा बहाया गया है। ऐसे में 'जल है तो कल है' जैसे नारे केवल किताबों तक ही सीमित दिखते हैं। केवल यह समझने से ही काम नहीं चलेगा कि पानी की एक-एक बूंद बेशकीमती है, बल्कि इसे सहेजने के लिए भी देश के हर नागरिक को संजीदा होना पड़ेगा। देश के अलग-अलग हिस्सों में मानसून दस्तक दे चुका है, जो इस महीने के अंत तक उत्तर भारत में भी पहुंच जाएगा। विकराल होती समस्या के मद्देनजर बेहद जरूरी है कि पानी की बूंद-बूंद सहेजने के लिए तैयारी कर लें।

एक ओर जहां भीषण गर्मी के कारण देश के अनेक हिस्सों में प्राकृतिक जलस्त्रोतों के सूखने के कारण वहां जल संकट गंभीर हो रहा है, वहीं इन दिनों आरोप-प्रत्यारोपों और सुप्रीम कोर्ट में चल रही सुनवाई को लेकर देश की राजधानी दिल्ली के जल संकट का मामला भी सुर्खियों में है। गर्मी के मौसम में हर साल की यही कहानी है। कहीं जलस्त्रोतों के सूखने के कारण लोग पानी की समस्या से जूझते हैं तो कहीं विभिन्न राज्यों के बीच जल बंटवारे को लेकर खींचतान शुरू हो जाती है। तमिलनाडु और कर्नाटक के बीच कावेरी नदी के जल बंटवारे का मुद्दा समय-समय पर तूल पकड़ता है, वहीं 1966 में हरियाणा के अस्तित्व आने के बाद से ही हरियाणा और पंजाब के बीच भी सतलुज नदी के जल बंटवारे का विवाद गर्माता रहा है। भारत सहित दुनिया के अनेक देश पानी के अभूतपूर्व संकट से जूझ रहे हैं।

पानी को लेकर कुछ समय पूर्व सामने आई वैश्विक संकट की एक रिपोर्ट में चौंकाने वाला यह तथ्य सामने आया था कि जल संरक्षण के प्रयासों को गति देने के बजाय दुनियाभर में पानी को बेतहाशा बहाया गया है। ऐसे में 'जल है तो कल है' जैसे नारे केवल किताबों तक ही सीमित दिखते हैं। वर्ल्ड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट की इस रिपोर्ट में आशंका व्यक्त की गई थी कि यदि पानी नहीं बचाया गया तो दुनियाभर में आने वाले वर्षों में जीडीपी के नुकसान के साथ वैश्विक खाद्य सुरक्षा संकट तक का खतरा बन सकता है। दरअसल पानी न केवल ऊर्जा और कृषि उत्पादन के लिए आवश्यक घटक है बल्कि औद्योगिक उत्पादन भी पूरी तरह से पानी पर ही निर्भर करता है, ऐसे में जल संकट बढ़ने का सीधा सा अर्थ है विकास के पायदान पर तेजी से नीचे गिरना। वर्ल्ड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट की रिपोर्ट में चेताते हुए बताया गया था कि दुनिया की करीब एक चौथाई आबादी वाले 25 देशों में जल संकट तेजी से बढ़ रहा है और यदि ऐसा ही चलता रहा तो वर्ष 2050 तक इन देशों की जीडीपी को आधे से ज्यादा नुकसान हो जाएगा। चिंता की बात यह है कि जिन 25 देशों का इस रिपोर्ट में उल्लेख किया गया, उनमें भारत भी सूची में 24वें स्थान पर शामिल था। पानी को लेकर वैश्विक संकट की यह रिपोर्ट यह दर्शाने के लिए पर्याप्त है कि जल संरक्षण को लेकर किसी की कोई दूरगामी तैयारी नजर नहीं आती। जल संकट को यदि भारत के ही संदर्भ में देखें तो गहराते जल संकट की भयावहता को इसी से समझा जा सकता है कि इस साल गर्मी की शुरूआत से पहले ही बेंगलुरु में पानी के लिए कई दिनों तक हाहाकार मचा रहा था, जहां स्थिति अब तक सामान्य नहीं हो पाई है। देश में मानसून काल में अरबों-खरबों लीटर पानी व्यर्थ बह जाता है, जबकि दूसरी ओर बारिश के मौसम में अब हर साल कई राज्यों में पानी से भारी तबाही की तस्वीरें लगातार सामने आती रहती हैं, ऐसे में रेन वाटर हार्वेस्टिंग के नियम-कायदे किताबों से निकलकर धरातल पर आते प्रतीत नहीं होते। देश में जल संकट गहराते जाने की प्रमुख वजह है भूमिगत जल का निरन्तर घटता स्तर। एक ओर जहां ग्रामीण इलाकों में सिंचाई के लिए भूजल का दोहन हो



रहा है तो दूसरी ओर शहरी क्षेत्रों में उद्योगों में बड़े पैमाने पर भूजल का दोहन किया जा रहा है। हमारे यहां स्थिति इतनी विकट है कि गर्मी के मौसम की शुरूआत के साथ ही कई जगहों पर लोगों के बीच पानी को लेकर मारपीट की नौबत आ जाती है, लेकिन बारिश के मौसम में इसी पानी से तबाही की तस्वीरें नजर आने लगती हैं। हालांकि जलशक्ति मंत्रालय के आंकड़ों से यह अवश्य पता चलता है कि देश में भूजल दोहन में विगत पांच वर्षों के मुकाबले कुछ सुधार हुआ है और यह 63 से 60 प्रतिशत के स्तर पर आ गया है, लेकिन पांच वर्षों के अंतराल में भूजल दोहन में महज तीन फीसद की ही कमी आने को संतोषजनक नहीं माना जा सकता। विशेषज्ञों के मुताबिक आगामी 25-25 वर्षों की जरूरत के लिए नदी जोड़ो योजनाएं तो स्वीकृत की गई हैं,लेकिन इसके साथ ही पुरानी जल संरचनाओं को सहेजने तथा नई विकसित करने की ओर भी विशेष ध्यान देने की जरूरत है। हालांकि तर्क दिया जा सकता है कि देश की बढ़ती आबादी के हिसाब से पानी की जरूरत भी बढ़ती गई है और 1960 के बाद से अभी तक पानी की मांग दोगुनी से भी ज्यादा हो गई है, लेकिन जल संकट की मूल समस्या पानी की मांग का बढ़ना नहीं बल्कि जल संरक्षण की बड़े स्तर पर अनदेखी है। जलशक्ति मंत्रालय की ही रिपोर्ट बताती है कि देश के कुछ राज्यों में अभी भी भूजल का जमकर दोहन हो रहा है, जिनमें राजस्थान, पंजाब, हरियाणा इत्यादि सबसे आगे हैं। एक ओर पानी के बंटवारे को लेकर विभिन्न राज्यों के बीच आपसी विवाद और दूसरी ओर भूमिगत जल का गिरता स्तर, ये परिस्थितियां देश में जल संकट की समस्या को और विकराल बनाने के लिए काफी हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार इस समय दुनियाभर में करीब 3 बिलियन लोगों के समक्ष पानी की समस्या मुंह बाये खड़ी है और विकासशील देशों में तो यह समस्या ज्यादा ही विकराल हो रही है, जहां करीब 95 फीसदी लोग यह समस्या झेल रहे हैं। पानी की समस्या एशिया में और खासतौर से भारत में तो काफी गंभीर रूप धारण कर रही है। हालांकि पृथ्वी का करीब तीन चौथाई हिस्सा पानी से लबालब है लेकिन धरती पर मौजूद पानी के विशाल स्रोत में से महज एक-डेढ़ फीसदी पानी ही ऐसा है, जिसका उपयोग पेयजल या दैनिक क्रियाकलापों के लिए किया जाना संभव है। विभिन्न अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों के मुताबिक पृथ्वी पर उपलब्ध पानी की कुल मात्रा में से मात्र तीन फीसदी पानी ही स्वच्छ है और उसमें से भी लगभग दो फीसदी पानी पहाड़ों और ध्रुवों पर बर्फ के रूप में जमा है जबकि बाकी एक फीसदी पानी का उपयोग ही पेयजल, सिंचाई, कृषि तथा उद्योगों के लिए किया जाता है। शेष पानी खारा होने अथवा अन्य कारणों की वजह से उपयोगी नहीं है।

स्पष्ट है कि पानी की हमारी अधिकांश आवश्यकताओं की पूर्ति भूमिगत जल से ही होती है लेकिन इस भूमिगत जल की मात्रा इतनी नहीं है कि इससे लोगों की आवश्यकताएं पूरी हो सकें। हालांकि पर्यावरण विशेषज्ञों के मुताबिक भूजल के अलावा नदियों, जलाशयों और वर्षा से जितना पानी उपलब्ध है, वह हमारी न केवल वर्तमान बल्कि भविष्य की जरूरतों के लिए भी पर्याप्त है लेकिन बढ़ते शहरीकरण ने जलाशयों और छोटी नदियों को निगल लिया है। ऐसे में प्रभावी रूप से भूजल का दोहन कम करने के साथ-साथ प्राकृतिक जल स्त्रोतों का संरक्षण जरूरी है। गहराते जल संकट से बचाव का यही एकमात्र रास्ता नजर आता है। बहरहाल, केवल यह समझने से ही काम नहीं चलेगा कि पानी की एक-एक बूंद बेशकीमती है, बल्कि इसे सहेजने के लिए भी देश के हर नागरिक को संजीदा होना पड़ेगा। देश के अलग-अलग हिस्सों में मानसून दस्तक दे चुका है, जो इस महीने के अंत तक उत्तर भारत में भी पहुंच जाएगा। ऐसे में जल संकट की विकराल होती समस्या के मद्देनजर बेहद जरूरी है कि पानी की एक बूंद-बूंद सहेजने के लिए अभी से पूरी तैयारी कर लें।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

दिवस विशेष
डॉ. ए. आर. दल्ला




# सिकलसेल: रोशनी की तलाश

सिकलसेल एनीमिया एक ऐसी अनुवांशिक बीमारी है, जिससे विश्व के पांच प्रतिशत लोग प्रभावित हैं। सिकलसेल रोग के कारण विश्व में 5000 बच्चे प्रतिदिन पैदा होते हैं और इसमें से 60 प्रतिशत बच्चों की मृत्यु 5 वर्षों के पहले हो जाती है। सदियों तक इस बीमारी की पहचान नहीं हो सकी। वर्ष 1910 में डॉक्टर मेसन एवं जेम्स हेरिक ने पहली बार अपने माइक्रोस्कोप में लाल रक्त के गोलाकार हीमोग्लोबिन को हसिये के अर्धचंद्रार विकृत रूप में इसे देखा इस विकृति में हीमोग्लोबिन के लाल रक्त कण नुकीले और कठोर होकर शरीर की सुक्ष्म रक्तवाहिनों में फंसकर रक्त प्रवाह बाधित कर देते हैं। परिणामस्वरूप फेफड़े, तिल्ली, लिवर, किडनी, और मस्तिष्क जैसे अंगो को प्रभावित कर अल्प आयु में ही मृत्यु का कारण भी बनते हैं। बहुत दिनों तक इस रोग के निदान पर प्रगति नहीं हुई। पहले यह रोग अश्वेत अफ्रीकन लोगों का रोग माना जाता था। चिकित्सा विज्ञान की प्रगति से मालूम हुआ कि यह विकृति भारत, अरब, और मेडिटरेनियन के ऐसे देशों में व्याप्त है जहां घने जंगल है और मलेरिया का प्रकोप है। कालांतर में प्रवासित लोगों के माध्यम से यह रोग यूरोप और अमेरिका तक पहुंचा। वर्ष 1952 में भारत में इसका संज्ञान लिया गया। देखा गया कि यह रोग मध्य भारत के गुजरात, विदर्भ, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, झारखंड, और आंध्रप्रदेश की एक पट्टी में देखा गया,जहां आदिवासी और पिछड़े लोग बहुतायत से रहते हैं। इस क्षेत्र में 15 से 30 प्रतिशत लोग सिकल रोग के वाहक हैं। अनुमान है कि विश्व के आधे सिकल वाहक भारत में रहते हैं। अंततः वर्ष 2008 में संयुक्त राष्ट्र ने इसका संज्ञान लिया और घोषणा की कि सिकलसेल ऐसी घातक अनुवांशिक बीमारी है। संयुक्त राष्ट्र संगठन ने अपने प्रस्ताव में कहा कि विश्व के सभी प्रभावित देश अपने स्वास्थ्य कार्यक्रम में इस रोग को स्थान दें। इस पृष्ठभूमि में संयुक्त राष्ट्र ने प्रतिवर्ष 19 जून को विश्व सिकल दिवस मनाने की घोषणा की। इस वर्ष 2024 के विश्व सिकल दिवस पर सभी प्रभावित देशों को एकजुट होकर जनजागरण अभियान चलाने का थीम दिया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के साथ ही इस रोग का संज्ञान लिया जा चुका था। छत्तीसगढ़ में वर्ष 2004 से 'प्रोजेक्ट सिकल छत्तीसगढ़' प्रारंभ हुआ, रायपुर में मालेकुलर और जेनेटिक लैब की स्थापना हुई। वर्ष 2008 में रायपुर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सिकल कांग्रेस में, विश्व का ध्यान आकर्षित करने हेतु एक प्रस्ताव पारित कर भारत के महामहिम को भी सौंपा गया। रायपुर में देश के पहले सिकलसेल नियंत्रण संस्थान की स्थापना हुई। भारत में राष्ट्रीय स्तर सिकल कार्यों को प्रगति तब मिली जब भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका संज्ञान लिया। प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होने अपने पहले जापान दौरे में ही याकोहोमा यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों को सिकल रोग के उन्मूलन के अनुसंधान पर विशेष कार्य प्रारंभ करने का आग्रह किया। पिछले वर्ष प्रधानमंत्री ने सिकलसेल की रोकथाम के लिए मध्य प्रदेश के शहडोल में एक विशेष सिकलसेल नियंत्रण केंद्र का उद्घाटन किया। प्रारंभिक तौर पर यह भारत के 17 प्रभावित राज्यों के 275 जिलों के आदिवासी इलाकों में सिकलरोग के सर्वेक्षण, रोकथाम एवं जनजागरण का मिशन मोड में कार्य करने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री जी ने वर्ष 2047 तक सिकल व्याधि के उन्मूलन का लक्ष्य भी निर्धारित किया है। इस अवसर पर प्रभावित जिलों के डॉक्टर, नर्सों और शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए एक विशेष मॉडल का विमोचन भी किया गया। सिकल पीड़ित विवाह योग्य युवकों के लिए जेनेटिक काउंसलिंग के लिये एक डिजिटल कार्ड भी बनाया गया है। अफ्रीका के सिकल रोग की तुलना में भारतीय सिकल रोगग्रस्त शिशुओं में फीटल हीमोग्लोबिन की मात्रा अधिक है, इसके चलते भारत के सिकलग्रस्त बच्चों में दर्द की तीव्रता और मृत्युदर कम देखी गई है। इस तथ्य के आधार पर अब फीटल हीमोग्लोबिन को एडल्ट हीमोग्लोबिन में परिवर्तित करने की जेनेटिक इंजीनियरिंग पर कार्य हो रहा है। इसके अन्वेषण करने के लिए नवजात बच्चों का रक्त परीक्षण किया जाना आवश्यक है। हायड्रोक्सी यूरिया और कुछ नई दवाओं के चलते सिकलिंग की प्रक्रिया में कमी आई है। जेनेटिक इंजीनियरिंग के माध्यम से जीन रिप्लेसमेंट पर कार्य हो रहे हैं। अब फिटल हीमोग्लोबिन को एडल्ट हीमोग्लोबिन में परिवर्तित कर सिकलसेल रोगी को दिया जा सकेगा। आने वाले समय में प्रयोगशाला में नए जीन का निर्माण कर बोनमैरो के विकृत जीन के बदले स्वस्थ जीन को प्रतिस्थापित किया जाने पर भी शोध चालू है। समय बदल रहा है। आने वाला समय, नई रोशनी लेकर आएगा। भविष्य में हम सिकल गाथा की पूर्ण समाप्ति की ओर बढ़ रहे हैं।

(लेखक छत्तीसगढ़ प्रोजेक्ट सिकल के पूर्व अध्यक्ष हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## असंयम लक्ष्य विमुख कर देता है



संकलित
दर्शन

भगवान श्रीराम हर पल आत्मस्थिति में रहे। वे तनिक भी असंयमित नहीं हुए। असंयम लक्ष्य विमुख कर देता है। जब हम किसी से प्रतिस्पर्धा का भाव रखते हैं, तब उस व्यक्ति के गुण और उसके कार्यों को हम किसी और ढंग से देखते हैं। उसी व्यक्ति से जब हमारा राग होता है, तो हम उसके हर कार्य में श्रेष्ठता ही देखते हैं। द्वेष होने पर हम दोषों को खोजते हैं। आसक्ति होने पर उसके प्रति हम अपना सर्वस्व न्योछावर करने में भी तनिक संकोच नहीं करते हैं। हमारी यह इंद्रधनुषीय दृष्टि और वृत्ति जब किसी पद और अधिकार प्राप्त व्यक्ति के साथ जुड़ जाती हैं, तब वह व्यक्ति विकार को और भी विकृत कर उसे व्यापक बना देता है, तब उस मनःस्थिति में निर्णय देने, सामाजिक व्यवहार करने में वहस्वयं और समाज को गर्त में डाल देता है। श्रीरामचरितमानस में गुरु वशिष्ठ ने श्रीभरत के अंदर तब इस त्रिपुटी की प्रधानता स्वीकारी, जब श्रीभरत भगवान की पादुकाओं को अपने सिर पर लेकर आए और गुरुदेव वशिष्ठ से पूछा कि यदि आपका मंगलाशासन हो तो मैं पादुका रूप प्रभु को नंदीग्राम जाकर सिंहासनासीन कर वहीं से राज्य का कार्य संभाल लूंगा? तब गुरुदेव ने मानो भरत से यही कहा कि समुझव (समझ) के रूप में तुम्हारे अंदर विधायिका के गुण हैं, कहब (कथन) के रूप में न्यायपालिका के गुण हैं और करब (करनी) के रूप में कार्यपालिका के गुण हैं। भरत ऐसे भक्त हैं, जिन्होंने अपनी समझ, कथन, और करनी का योग भगवान के चरणों में अर्पित कर दिया।


## मानवता भीतर के संस्कारों से पनपती है



संकलित
प्रेरणा

टी.एन. शेषन जब मुख्य चुनाव आयुक्त थे, तो परिवार के साथ छुट्टियां बिताने के लिए मसूरी जा रहे थे। परिवार के साथ उत्तर प्रदेश से निकलते हुऐ रास्ते में उन्होंने देखा कि पेड़ों पर गोरैया के कई सुन्दर घोंसले बने हुए हैं। यह देखते ही उनकी पत्नी ने अपने घर की दीवारों को सजाने के लिए गौरैया के दो घोंसले लेने की इच्छा व्यक्त की तो उनके साथ चल रहे पुलिसकर्मियों ने तुरंत एक छोटे से लड़के को बुलाया, जो वहां मवेशियों को चरा रहा था। उसे पेड़ों से तोड़ कर दो गोरैया के घोंसले लाने के लिए कहा। लड़के ने इनकार में सर हिला दिया। शेषन ने इसके लिए लड़के को 10 रुपये देने की पेशकश की। फिर भी लड़के के इनकार करने पर शेषन ने बढ़ा कर 50 रुपये देने की पेशकश की। फिर भी लड़के ने हामी नहीं भरी। पुलिस ने तब लड़के को धमकी दी और उसे बताया कि साहब जज हैं और तुझे जेल में भी डलवा सकते हैं। लड़का तब श्रीमती और शेषन के पास गया और कहा, साहब, मैं ऐसा नहीं कर सकता। उन घोंसलों में गोरैया के छोटे बच्चे हैं अगर मैं आपको दो घोंसले दूं, तो जो गोरैया अपने बच्चों के लिए भोजन की तलाश में बाहर गई हुई है, जब वह वापस आएगी और बच्चों को नहीं देखेगी तो बहुत दुःखी होगी जिसका पाप मैं नहीं ले सकता। यह सुनकर टी.एन. शेषन दंग रह गए। शेषन ने अपनी आत्मकथा में लिखा है- मेरी स्थिति, शक्ति और आईएएस की डिग्री सिर्फ उस छोटे, अनपढ़, मवेशी चराने वाले लड़के द्वारा बोले गए शब्दों के सामने पिघल गई।

अंतर्मन




आज की पाती

### बढ़ती जाएगी मरुस्थल और सूखे की समस्या

17 जून को विश्व मरुस्थलीकरण और सूखा दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 1995 से हर वर्ष 17 जून को मरुस्थलीय और सूखे से निपटने के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए विश्व मरुस्थलीकरण और सूखा दिवस मनाने की घोषणा की थी। इस वर्ष इस दिवस का थीम है : धरती के लिए एकजुट : हमारी विरासत, हमारा भविष्य। आज लगभग सारी दुनिया में प्रकृति का दोहन हो रहा है, प्रदूषण बढ़ रहा है और पर्यावरण बिगड़ता जा रहा है। जलवायु परिवर्तन हुआ है। इन सभी कारणों के कारण सारी दुनिया के मरुस्थलीय और सूखे की चपेट में आने की संभावना बहुत ज्यादा बढ़ गई है। इसके लिए सारी दुनिया चिंता में है। – *सरोज साहू, बलौदाबाजार*

ट्रेंड

### साई की अहम भूमिका



देश-विदेश में होने वाले विभिन्न प्रकार के खेल आयोजनों में भारतीय खेल प्राधिकरण की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। इसको और अधिक सुदृढ़ करने पर हम कार्य करेंगे। साई के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की और इसकी कार्यप्रणाली के विषय पर चर्चा की।
-मनसुख मंडाविया, केंद्रीय मंत्री

### यथार्थ बोध परम लक्ष्य



जीवन का परम लक्ष्य यथार्थ बोध ही है। सत्संग का आश्रय लेकर अपने अस्तित्व को अनुभूत करने का प्रयत्न करना चाहिए। हम अंतर्मुखी हों। शरीर, मन, बुद्धि की सीमाओं से पृथक होकर आत्मा की दिव्यता का अनुभव हमारी प्राथमिकता बने।
-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

### संगठित भ्रष्टाचार



नीट परीक्षा में 24 लाख से अधिक छात्रों के भविष्य के साथ हुए खिलवाड़ पर भी नरेंद्र मोदी हमेशा की तरह मौन धारण किए हुए हैं। गिरफ्तारियों से साफ है कि परीक्षा में योजनाबद्ध तरीके से संगठित भ्रष्टाचार हुआ है और ये भाजपा शासित राज्य पेपर लीक का एपिसेंटर बन चुके हैं।
-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

### बच्चों का भविष्य बर्बाद हुआ



मोदी सरकार का घोटाला है नीट। इससे बच्चों का भविष्य बर्बाद हुआ है। 720 नंबर 67 बच्चे टॉप कर गए एक साथ, क्या ये संभव है? जब 14 जून को परिणाम आने थे तो 4 जून को जब चुनावी नतीजे आने थे तब परिणाम क्यों घोषित किए?
-संजय सिंह, आप नेता

करंट अफेयर

## एआई यहूदी नरसंहार पर दे सकता है झूठी जानकारी

संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी ने चेताया है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) में होते जा रहे विकास के परिणामस्वरूप यहूदी नरसंहार (होलोकॉस्ट) की घटना से इनकार के मामलों में नया उछाल आ सकता है।



यूनेस्को द्वारा मंगलवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट के निष्कर्ष में कहा गया है कि एआई के परिणामस्वरूप यहूदी नरसंहार के बारे में ऑनलाइन झूठे और भ्रामक दावे किए जा सकते हैं। इसमें कहा गया है कि ऐसा या तो 'प्रोग्राम' में खामियों के कारण होगा या फिर नफरत करने वाले समूह और 'होलोकॉस्ट' से इनकार करने वाले लोग जानबूझकर एआई 'प्रोग्राम' का उपयोग ऐसी सामग्री उत्पन्न करने के लिए करेंगे जो नाजियों द्वारा यहूदियों और अन्य समूहों की हत्या पर गलत तरीके से सवाल उठाएगी। सबसे बड़ी चिंताओं में से एक यह है कि एआई का उपयोग 'होलोकॉस्ट' के तथाकथित डीपफेक बनाने के लिए किया जा सकता है। ऐसा यह बताने के लिए किया जा सकता है कि 'होलोकॉस्ट' जैसा कुछ हुआ ही नहीं था या फिर यह अतिरंजित था। इससे यहूदी विरोधी भावना बढ़ सकती है और 20वीं सदी के इतिहास के एक महत्वपूर्ण क्षण से जुड़ी समझ में कमी आ सकती है।

ऑफ बीट

## हाइड्रोजन पर जीवित रह सकते प्राचीन जीव

ब्रह्मांड में सभी पदार्थों का तीन-चौथाई हिस्सा हाइड्रोजन से बना है। भयंकर भूवैज्ञानिक और ज्वालामुखी गतिविधि के कारण युवा पृथ्वी भी हाइड्रोजन से



समृद्ध थी। जिस तरह तारे परमाणु प्रतिक्रियाओं के माध्यम से गर्मी और प्रकाश उत्पन्न करने के लिए हाइड्रोजन को जलाते हैं, उसी तरह रासायनिक प्रतिक्रियाओं के माध्यम से इस सरल अणु से ऊर्जा निकालकर जीवन का उदय हुआ। इनमें से कुछ प्रारंभिक जीवन रूप आर्किया थे: जीवन का एक रहस्यमय तीसरा रूप जिसे केवल 1970 के दशक में खोजा गया। (अन्य दो रूप बैक्टीरिया और यूकेरियोट्स हैं, वह समूह जिसमें सभी जानवर, पौधे और कवक शामिल हैं।) हमने यह समझने के लिए आर्किया की हजारों प्रजातियों का अध्ययन किया है कि वे हमारे लगातार बदलते ग्रह पर अरबों वर्षों तक कैसे पनपी हैं। उनके आनुवंशिक ब्लूप्रिंट में हमें हाइड्रोजन गैस से ऊर्जा प्राप्त करने के लिए विशेष एंजाइम (जिन्हें हाइड्रोजनेसिस कहा जाता है) के उत्पादन के संकेत मिले, जो उन्हें पृथ्वी पर कुछ सबसे कठिन वातावरणों में जीवित रहने में मदद देता है। हमारा नवीनतम शोध सैल और नेचर कम्युनिकेशंस में प्रकाशित हुआ है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## तीसरी बार पीएम बनने के बाद पहली बार वाराणसी पहुंचे

# अब तो मां गंगा ने भी मुझे जैसे गोद ले लिया है, मैं यहीं का हो गया हूं : मोदी

### किसान, महिला, विकास और काशी पर रहा पीएम के संबोधन का फोकस

### 8 किमी लंबा रोड-शो किया मां गंगा का दुग्धाभिषेक कर पूजन किया, आरती उतारी

### बोले-मैं चाहता हूं दुनिया के हर घर में डायनिंग टेबल पर भारतीय मोटा अनाज हो

**वाराणसी (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें तीसरी बार लोकसभा भेजने के लिए वाराणसी के लोगों का अभार जताते हुए मंगलवार को कहा, ''अब तो मां गंगा ने भी मुझे जैसे गोद ले लिया है, मैं यहीं का हो गया हूं।'' उन्होंने यह बात यहां मिर्जामुराद के मेंहदीगंज में आयोजित किसान सम्मान सम्मेलन कही। प्रधानमंत्री मोदी ने किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए भोजपुरी भाषा में अपने भाषण की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि "चुनाव जीतले के बाद आज हम पहली बार बनारस आयल हईं। काशी के जनता जनार्दन के हमार प्रणाम।" मोदी ने कहा कि "बाबा विश्वनाथ और मां गंगा के आशीर्वाद से काशीवासियों के असीम स्नेह से मुझे तीसरी बार देश का प्रधान सेवक बनने का सौभाग्य मिला है।" उन्होंने कहा "काशी के लोगों ने मुझे लगातार तीसरी बार अपना प्रतिनिधि चुन कर धन्य कर दिया है। अब तो मां गंगा ने भी मुझे जैसे गोद ले लिया है, मैं यहीं का हो गया हूं।" चुनाव ने देश के लोकतंत्र की विशालता, सामर्थ्य एवं व्यापकता तथा भारत में लोकतंत्र के जड़ों की गहराई को दुनिया के सामने पूरे सामर्थ्य के साथ प्रस्तुत किया।



#### बहनों के बिना खेती की कल्पना संभव नहीं

पीएम ने कहा- माता-बहनों के बिना खेती की कल्पना संभव नहीं है। बहनों की भूमिका का विस्तार किया जा रहा है। कृषि सखी कार्यक्रम ऐसा ही एक प्रयास है। काशी में बनास डेयरी संकुल की स्थापना हुई। काशी और पूर्वांचल के किसान मजबूत हुए हैं। बनास डेयरी ने पशु पालकों का भाग्य बदलने का काम किया। डेढ़ साल में काशी के 16 हजार पशु पालकों को अपने साथ जोड़ने जा रही। दूध उत्पादकों की कमाई में वृद्धि हुई है।

#### नारी शक्ति विकसित भारत का मजबूत स्तंभ

पीएम ने कहा-मैंने किसान, नौजवान, नारी शक्ति को विकसित भारत का मजबूत स्तंभ माना है। इसलिए मैंने सरकार बनने के बाद सबसे पहले इन्हीं को प्राथमिकता में रखा, सरकार बनने के बाद किसानों से जुड़ा। पीएम किसान सम्मान निधि दुनिया की सबसे बड़ी ट्रांसफर निधि बन चुकी है। मेरा सपना है दुनिया की हर डाइनिंग टेबल पर भारत का कोई न कोई खाद्यान्न यानी फूड प्रोडक्ट होना चाहिए।

#### 60 साल बाद किसी सरकार ने हैट्रिक लगाई

पीएम ने कहा- इस चुनाव में 31 करोड़ से ज्यादा महिलाओं ने हिस्सा लिया है। पीएम ने कहा- काशी के लोगों ने तो सिर्फ सांसद नहीं, तीसरी बार पीएम भी चुना है। इस चुनाव में जो जनादेश दिया है वह अभूतपूर्व है। लोकतांत्रिक देशों में ऐसा बहुत कम ही देखा गया है। कोई चुनी हुई सरकार लगातार तीसरी बार वापसी करे। भारत की जनता ने यह भी इस बार करके दिखाया है। ऐसा भारत में 60 साल पहले हुआ था।

**हम सबने बदलती काशी को देखा**

सीएम योगी ने कहा- 62 साल बाद यह मौका आया है जब देश में किसी राजनेता ने लगातार तीसरी बार पीएम पद की शपथ ली। हम सबने बदलती काशी को देखा है। काशी नए कलेवर और नई काया के साथ अपनी पहचान दुनिया में पहचान बना रही है। यह सबको अपनी ओर आकर्षित कर रही है। काशी के नए रूप में बदलते हुए देखा है।

## कांग्रेस ने रेलवे को 'नष्ट' करने का आरोप लगा मांगा अश्विनी का इस्तीफा

**नई दिल्ली (भाषा)।** सरकार पर भारतीय रेलवे को "नष्ट" करने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को कांग्रेस ने कंचनजंघा एक्सप्रेस दुर्घटना के मद्देनजर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के इस्तीफे की मांग की और कहा कि उन्हें पद पर बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। विपक्षी दल ने मोटरसाइकिल पर पीछे बैठकर दुर्घटना स्थल पर पहुंचने के लिए वैष्णव पर भी कटाक्ष करते हुए पूछा कि वह रेल मंत्री हैं या "रील मंत्री"। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि जब भी कोई रेल दुर्घटना होती है, मोदी सरकार के रेल मंत्री कैमरों की रोशनी में घटनास्थल पर पहुंचते हैं और ऐसा व्यवहार करते हैं जैसे सब कुछ ठीक है।

#### मोदी जी, हमें बताएं कि किसे जवाबदेह ठहराएं

कांग्रेस अध्यक्ष ने पूछा, "नरेंद्र मोदी जी, हमें बताएं कि किसे जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए, रेल मंत्री को या आपको?" खरगे ने सरकार से सात सवाल पूछे और जवाब मांगे। उन्होंने पूछा कि बालासोर जैसी बड़ी दुर्घटना के बाद, बहुचर्चित "कवच" ट्रेन टक्कर रोधी प्रणाली का दायरा एक किलोमीटर भी क्यों नहीं बढ़ाया गया? कांग्रेस अध्यक्ष ने पूछा, "रेलवे में करीब तीन लाख पद खाली क्यों हैं, पिछले 10 सालों में उन्हें क्यों नहीं भरा गया।

## हिमाचल प्रदेश के सीएम की पत्नी देहरा सीट से लड़ेंगी विधानसभा उपचुनाव

**शिमला (भाषा)।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की पत्नी कमलेश ठाकुर राज्य में देहरा विधासभा सीट का आगामी उपचुनाव लड़ेंगी। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से मंजूरी मिलने के बाद मंगलवार को सूची जारी की। कमलेश ठाकुर का नाम पार्टी द्वारा कराये गये एक सर्वेक्षण तथा स्थानीय नेताओं से मिली प्रतिक्रिया के आधार पर तय किया गया। वह देहरा विधानसभ क्षेत्र से हैं तथा आगामी उपचुनाव में उनका मुकाबला दो बार निर्दलीय विधायक रहे होशियार सिंह से होगा। होशियार सिंह भाजपा के टिकट पर यह उपचुनाव लड़ रहे हैं।

#### परिसीमन के बाद अस्तित्व में आया

देहरा विधानसभा क्षेत्र 2010 में परिसीमन के बाद अस्तित्व में आया। अबतक कांग्रेस इस सीट से नहीं जीत पायी है।यहां से 2012 में भाजपा के रवींद्र सिंह रवि निर्वाचित हुए थे जबकि होशियार सिंह 2017 और 2022 में दो बार निर्दलीय के रूप में विधानसभा के लिए चुने गये थे। सोमवार को कांग्रेस ने पुष्पिंदर वर्मा को हमीरपुर तथा नेशनल ट्रेड यूनियन कांग्रेस (इंटक) की हिमाचल इकाई के पांच बार अध्यक्ष रहे हरदीप सिंह बाबा को नालागढ़ से प्रत्याशी घोषित किया था।

## न आंध्रप्रदेश को मिलेगा विशेष राज्य का दर्जा और न बिहार को

**नई दिल्ली (शिशिर सोनी)।** आंध्रप्रदेश और बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिए जाने का प्रावधान केंद्रीय बजट में इस बार करना आसान नहीं। आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू को इस बात के संकेत दे दिए गए हैं। यही संकेत बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भी दिए गए हैं। सत्ता प्रतिष्ठान से जुडे सूत्रों ने बताया कि विशेष राज्य का दर्जा देने का पिटारा नहीं खोल सकते। कई राज्यों की ओर से ऐसी मांगें केंद्र के पास हैं। सूत्रों ने बताया कि आगामी बजट सत्र में दोनों राज्यों के लिए विशेष पैकेज की घोषणा की गुंजाइश है। सवाल ये है कि इस फार्मूले पर क्या दोनों प्रदेश के मुख्यमंत्री तैयार हैं? सूत्रों ने बताया कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस बात को समझते हैं। यही वजह है कि उन्होंने लोकसभा में स्पीकर पद पर भाजपा द्वारा नामित नेता को समर्थन देने का एलान किया है।

- **चंद्रबाबू के साथ चलेगा शह और मात का गेम**
- **दोनों राज्यों के लिए हो सकता है विशेष पैकेज का बजटीय प्रावधान**

#### 60 हजार करोड़ का सालाना खर्चा

सूत्रों ने बताया कि पिछले दिनों आंध्र के मुख्यमंत्री ने अपने खास सिपहसालार को दिल्ली भेजकर ये समझाने की कोशिश थी कि उन्हें चुनाव में किये गये वायदे पूरे करने के लिए 60 हजार करोड रुपये सालाना का स्पष्ट खर्चा दिख रहा है। जाहिर है ये स्टेट फंड से होगा। जब कि स्टेट बजट पहले से ही 55 हजार 817 करोड रुपये का वित्तीय घाटे का अनुमान 31 मार्च 2024 तक का इंगित कर रहा है। चंद्रबाबू ने आंध्र के वोटरों के साथ 3 हजार रुपया सालाना बेरोजगारी भत्ता, राजकीय परिवहन में महिलाओं को मुफ्त यात्रा, 18 वर्ष से ऊपर की महिलाओं को 18 हजार रुपया सालाना, मुफ्त एलपीजी सिलिंडर, मुफ्त पेजयल जैसे कई अन्य लुभावने वायदे किये थे। चुनाव जीतने के बाद जाहिर है उन्हें घोषणा पत्र लागू करने के लिए बजटीय प्रावधान चाहिए।

## संसद में प्रियंका की मौजूदगी से लाभ होगा : थरूर



**तिरुवनंतपुरम (भाषा)।** तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने मंगलवार को कहा कि लोकसभा में प्रियंका गांधी की मौजूदगी से विपक्षी दलों को मजबूती मिलेगी और वायनाड के लोगों को संसद में उनका प्रतिनिधित्व करने के लिए एक बहुत मजबूत व्यक्ति मिलेगा। थरूर ने नेय्याट्टिनकारा विधानसभा क्षेत्र में अपने 'आभार जताने' के अभियान के दौरान कहा कि प्रियंका चुनाव प्रचार के दौरान बहुत प्रभावी वक्ता रही हैं और उन्हें खुशी है कि उन्होंने केरल से चुनावी राजनीति में प्रवेश करने का फैसला किया। उन्होंने कहा, ३मुझे लगता है कि राहुल जी को रायबरेली सीट अवश्य ही अपने पास रखना चाहिए, यह उत्तर प्रदेश और सामान्य रूप से उत्तर भारत के लोगों के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण संकेत है।

## प्रज्वल को 24 जून तक न्यायिक हिरासत में भेजा

**बेंगलुरु (भाषा)।** जनता दल (सेक्युलर) के पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना को यहां की एक विशेष अदालत ने मंगलवार को 24 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। प्रज्वल बलात्कार और यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे हैं। इसके पहले, अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट अदालत ने 12 जून को उन्हें 18 जून तक विशेष जांच दल (एसआईटी) की हिरासत में भेजा था, जो उनके खिलाफ मामलों की जांच कर रही है।

## जयपुर हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की धमकी मिली

**जयपुर (भाषा)।** जयपुर हवाईअड्डे को मंगलवार को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद पुलिस और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के जवानों ने परिसर की जांच की। पुलिस के अनुसार यह धमकी हवाई अड्डा प्रबंधन को ईमेल के जरिए दी गई। इसके बाद परिसर में तलाशी अभियान शुरू किया गया। पुलिस ने बताया कि ३हवाई अड्डे की पूरी छानबीन की गई है लेकिन अब तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

## लोकसभा अध्यक्ष को लेकर राजनाथ के आवास पर राजग नेताओं की हुई बैठक

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शीर्ष नेताओं की 18वीं लोकसभा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के उम्मीदवार के नामों पर चर्चा करने के लिए मंगलवार शाम यहां रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर एक बैठक आरंभ हुई। सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बैठक में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, भूपेंद्र यादव, मनोहर लाल, धर्मेंद्र प्रधान, किरेन रीजीजू, एस जयशंकर, वीरेंद्र कुमार और अन्नपूर्णा देवी शामिल हुए। जनता दल (यूनाइटेड) के राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के चिराग पासवान सहित राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दलों के कुछ नेता भी इस बैठक में मौजूद थे। सिंह और पासवान केंद्र सरकार में मंत्री भी हैं। अठारहवीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू होगा। इस दौरान निचले सदन के नए सदस्य शपथ लेंगे और फिर 26 जून को लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा। सूत्रों ने बताया कि बैठक में संसद के आगामी सत्र की रणनीति पर भी चर्चा किए जाने की संभावना है।


## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 102 दिनांक 12.06.2024 धारा 365 IPC थाना बहु अकबरपुर जिला रोहतक।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** - एकता
**पिता/पति का नाम**- पुत्री समुन्द्र
**पता**- गाँव मोखरा खास जिला रोहतक।
**उम्र**- 17 वर्ष
**कद**- 5 फुट 2 इंच
**हुलिया**- रंग सांवला, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर, काले बाल काली आंखें।
**पहनावा** - लाल रंग का सूट सलवार व पैरों में गुलाबी रंग के जूते पहने हुए है।
दिनांक 12.06.2024 को एकता पुत्री समुंद्र निवासी मोखरा खास रोहतक थाना बहुअकबरपुर रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना बहुअकबरपुर रोहतक- 7082999223
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना बहुअकबरपुर रोहतक- 9050832462

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 378 दिनांक 13.06.2024 धारा 346 IPC थाना शहर जिला रोहतक।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** - साहिल
**पिता/पति का नाम** - पुत्र कृष्ण
**पता**- सूर्या नगर जिला रोहतक।
**उम्र**- 18 वर्ष
**कद**- 5 फुट 6 इंच
**हुलिया** - रंग गोरा, लम्बा चेहरा, काले बाल काली आंखें।
**पहनावा** - संतरिया रंग की टी शर्ट, काला पजामा व पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए है।
दिनांक 13.06.2024 को साहिल पुत्र कृष्ण निवासी सूर्या नगर रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना शहर रोहतक 7082999115
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक - 01262-247200ए 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शहर रोहतक- 9350135244

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 227 दिनांक 15.06.2024 धारा 346 IPC थाना कलानौर जिला रोहतक।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** - पूजा
**पिता/पति का नाम** – पत्नी सूरज
**पता** - गाँव कहानौर जिला रोहतक।
**उम्र**- 29 वर्ष
**कद**- 5 फुट 2 ईच
**हुलिया**- रंग गेहुंआ, गोल चेहरा, मजबूत शरीर, बांए हाथ पर अग्रेजी में SURAJ लिखा हुआ, काली आंखें, काले बाल।
पहनावा - सफेद रंग का लाल सूट सलवार व पैरों में चप्पल पहने हुए है।
दिनांक 15.06.24 को पूजा पत्नी सूरज निवासी गाँव कहानौर जिला रोहतक थाना कलानौर रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है। तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना कलानौर रोहतक- 7082999126
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना कलानौर रोहतक- 9034609400

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 375 दिनांक 12.06.2024 धारा 365 IPC थाना शहर जिला रोहतक।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** - कोमल
**पिता/पति का नाम** -
**पता** - 25/4 नजदीक गौड स्कूल रोहतक जिला रोहतक।
**उम्र**- 17 वर्ष
**कद**- 5 फुट
**हुलिया**- रंग गोरा, गोल चेहरा, काले बाल काली आंखें।
**पहनावा**- पीले रंग का सूट सलवार व पैरों में बाथरूम चप्पल पहने हुए है।।
दिनांक 12.06.2024 को कोमल निवासी 25/4 नजदीक गौड स्कूल रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना शहर रोहतक- 7082999115
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शहर रोहतक- 9466235808

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 203 दिनांक 13.06.2024 धारा 346 IPC थाना साँपला जिला रोहतक।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** - विशाल
**पिता/पति का नाम** –
**पता**- गाँव गिझी जिला रोहतक।
**उम्र**- 22 वर्ष
**कद**- 5 फुट 8 ईच
**हुलिया**- रंग गेंहुआ, लम्बा चेहरा, फुर्तीला शरीर, काले बाल काली आंखें।
**पहनावा**- सफेद रंग की टी शर्ट, काला पजामा व पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए है।
दिनांक 13.06.2024 को विशाल निवासी गाँव गिझी रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ हैए जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना सांपला रोहतक 7082999125
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना सांपला रोहतक- 8168447546

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 199 दिनांक 15.06.24 धारा 346 IPC थाना अर्बन अस्टेट जिला रोहतक।**



**गुमशुदा की पहचान**
नाम - मानसी
**पिता/पति का नाम** – पुत्री राजेश
**पता** - बेरी जिला झज्जर।
**उम्र**- 21 वर्ष
**कद**- 5 फुट 06 ईच
**हुलिया**- रंग गोरा, गोल चेहरा, काले बाल, काली आंखे।
**पहनावा** - ग्रे चैकदार शर्ट, नीला जीन्स व पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए है।
दिनांक 15.06.2024 को मानसी पुत्री राजेश निवासी बेरी जिला झज्जर, नया बस अड्डा रोहतक से बिना किसी को बताए चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना अर्बन एस्टेट रोहतक- 7082999122
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक - 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना अर्बन एस्टेट रोहतक- 9728213340

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 350 दिनांक 12.06.2024 धारा 346 IPC थाना शिवाजी कालोनी रोहतक जिला रोहतक।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** - गीतिका
**पिता/पति का नाम** -
**पता**- राजीव कालोनी रोहतक जिला रोहतक।
**उम्र**- 22 वर्ष
**कद**- 4 फुट 8 ईच
**हुलिया**- रंग सांवला, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर, काले बाल काली आंखें।
**पहनावा** - काला सूट सलवार व पैरों में चप्पल पहने हुए है
दिनांक 12.06.2024 को गीतिका निवासी राजीव कालोनी रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक - 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक-8307709978

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 351 दिनांक 13.06.2024 धारा 346 IPC थाना शिवाजी कालोनी रोहतक जिला रोहतक।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** - रूपाली
**पिता/पति का नाम** - पुत्री बिजेन्द्र
**पता** - निवासी कन्हेली रोहतक जिला रोहतक।
**उम्र** - 18 वर्ष
**कद**- 5 फुट 1 ईच
**हुलिया** - रंग गोरा, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर, काले बाल काली आंखें।
**पहनावा** - सफेद टी शर्ट, नीली जीन्स व पैरों में जूते पहने हुए है।
दिनांक 13.06.2024 को रूपाली पुत्री बिजेन्द्र निवासी कन्हेली रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक - 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 9466588498

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 508 दिनांक 28.12.2023 धारा 302 IPC थाना सांपला जिला रोहतक।**



**अदमशिनाख्त नाश की पहचान बारे**
**नाम** - नाम पता नामालूम औरत
**पिता/पति का नाम** – नाम पता नामालूम औरत
**पता**- नाम पता नामालूम औरत
**उम्र**- लगभग 30 वर्ष
**कद**- 5 फुट 02 ईंच
**हुलिया**- रंग गोरा, गोल चेहरा, मजबूत शरीर, बांए हाथ पर लाल धागा बंधा हुआ था, दोनो हाथों में केसरी रंग के कडे पहने हुए थे, दाहिने हाथ पर अग्रेजी में ROSHAN गुदा हुआ था, काले बाल, काली आंखें।
**पहनावा** - हरे रंग का फूलदार सूट व सलवार, सफेद रंग का ईनर पहने हुए व पैरों में महरूम रंग के सैण्डल पहने हुए।
दिनांक 28.12.23 को एक नाम पता नामालूम औरत उम्र लगभग 30 साल नजदीक फायर ब्रिग्रेड निर्माणाधीन कार्यालय दिल्ली रोड सांपला के साथ नाले में मिली थी, जिसके वारसान का अभी तक कोई सुराग पता नही चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और उचित ईनाम से सम्मानित भी करवाया जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना सांपला रोहतक- 7082999125
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना सांपला रोहतक- 01262263419

पीआरडीएच-1084/11/2434/2025/26844/88/6 दि. 18.06.24

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक


**अभियोग संख्या 253 दिनांक 13.06.2024 धारा 346 IPC थाना पुरानी सब्जी मण्डी रोहतक जिला रोहतक।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** - अनिल
**पिता/पति का नाम** - पुत्र राजकुमार
**पता** - फतेहपुरी कालोनी जिला रोहतक।
**उम्र**- 32 वर्ष
**कद**- 5 फुट 2 इंच
**हुलिया**- रंग सांवला, लम्बूतरा चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर, काले बाल काली आंखें।
**पहनावा** - सफेद रंग की टी शर्ट, लाल लोअर व पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए है।
दिनांक 13.06.2024 को अनिल पुत्र राजकुमार निवासी फतेहपुरी कालोनी रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना पुरानी सब्जी मण्डी रोहतक- 7082999116
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक-8059980500

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक


**अभियोग संख्या 352 दिनांक 13.06.2024 धारा 346 IPC थाना शिवाजी कालोनी रोहतक जिला रोहतक।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** - श्री भगवान
**पिता/पति का नाम** -
**पता**- निवासी जनता कालोनी जिला रोहतक।
**उम्र**- 65 वर्ष
**कद**- 5 फुट 8 ईच
**हुलिया**- रंग सांवला, लम्बा चेहरा, पतला फुर्तीला शरीर , नाक पर चोट निशान, काले बाल काली आंखें।
**पहनावा** - पता नहीं
दिनांक 13.06.2024 को श्री भगवान निवासी जनता कालोनी रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक - 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 80580868970

पीआरडीएच-1084/11/2435/2025/26845/88/6 दि. 18.06.24

## खबर संक्षेप



### अमेरिकी पैराग्लाइडर का शव खोजने पर शाह ने आईटीबीपी को सराहा

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के एक दल द्वारा 14,800 फुट की ऊंचाई पर अपनी जान जोखिम में डालकर एक अमेरिकी पैराग्लाइडर का शव खोज कर लाने के लिए चलाए गए अभियान की सराहना की और कहा मानवता के प्रति बल का समर्पण प्रशंसनीय है। शाह ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि आईटीबीपी की 'माउंटेन रेस्क्यू टीम' ने हाल ही में लाहौल-स्पीति की दुर्गम चोटियों पर चुनौतीपूर्ण अभियान चलाया।

### भारत-ओमान के विदेश मंत्रियों में फोन पर वार्ता

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** भारत और ओमान के विदेश मंत्रियों के बीच टेलीफोन पर बातचीत हुई है। इसमें व्यापार, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी जैसे मुद्दों के अलावा समय पर खरे उतरे दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की गई। एक्स पर पोस्ट में भारत के विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ओमान के अपने समकक्ष और विदेश मंत्री ब्रद अलबुसैदी के साथ टेलीफोन पर बातचीत हुई। इसमें व्यापार, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी जैसे मामलों के साथ ही समय की कसौटी पर जांचे परखे गए आपसी संबंधों को लेकर चर्चा की गई।

### दलाई लामा से मिलने के लिए भारत पहुंची नैंसी

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** अमेरिका की प्रतिनिधि सभा की पूर्व अध्यक्ष नैंसी पेलोसी तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा से मुलाकात करने के लिए मंगलवार को हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा हवाई अड्डे पर पहुंची। उनके साथ यूएस के छह सांसदों का एक प्रतिनिधिमंडल भी मौजूद था। प्रदेश में निर्वासन में रहकर अपनी सरकार चला रहे केंद्रीय तिब्बत के प्रशासन के अधिकारियों ने पेलोसी और उनके प्रतिनिधिमंडल की अगुआई की।

### सीडीएस ने जारी किया साइबर स्पेस अभियानों से जुड़ा संयुक्त डॉक्टरीन

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने राजधानी में हुई तीनों सशस्त्र सेनाप्रमुखों की समिति (चीफ्स ऑफ स्टाफ कमेटी) की बैठक में साइबर स्पेस अभियानों से जुड़ा हुआ संयुक्त डॉक्टरीन (सिद्धांत) जारी किया। जटिल सैन्य कार्रवाई के माहौल में यह डॉक्टरीन कमांडरों को साइबरस्पेस अभियानों का संचालन करने के लिए मार्गदर्शन करेगा। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि संयुक्तता और एकीकरण को लेकर यह इसका विकास काफी महत्वपूर्ण है।

## पश्चिम बंगाल और नॉर्थ-ईस्ट के राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी

# देश के नौ राज्यों में भीषण गर्मी का अलर्ट, लू की चपेट में पहाड़ी राज्य

*मौसम विभाग ने देशभर के नौ राज्यों में में भीषण गर्मी और लू की चेतावनी जारी की है। अभी लोगों को इस तपती गर्मी से राहत नहीं मिलने वाली। इसके अलावा पूर्वोत्तर के राज्यों में अगले तीन से पांच दिन भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।*

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश के उत्तरी राज्यों में गर्मी का दौर लगातार जारी है। अभी भी कई राज्यों के लोगों को तपती गर्मी से राहत नहीं मिलने वाली। यहां तक कि इस बार पहाड़ी राज्य भी गर्मी से तप रहे हैं। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने उत्तर प्रदेश, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली के कुछ क्षेत्रों में अत्यधिक गर्मी और लू का अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा जम्मू, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, बिहार और झारखंड में भी लू से लोगों को राहत नहीं मिलने वाली। देश की राजधानी दिल्ली में आज सुबह 8.30 बजे 38.8 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। आईएमडी ने कहा है कि महाराष्ट्र, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल और बिहार के कुछ हिस्सों में मानसून के 4 दिन में पहुंचने की संभावना है। पश्चिम बंगाल और नॉर्थ-ईस्ट के राज्यों (असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश) में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है।




### गुजरात में पहले पहुंचा मानसून

*अमूमन गुजरात में 15 से 20 जून के बीच मानसून दस्तक देता है, इस बार 11 जून को ही नवसारी में मानसून वाली बारिश हुई। अहमदाबाद मौसम केंद्र के वैज्ञानिक रामाश्रय यादव ने कहा कि साउथ-वेस्ट डिस्टरबेंस के चलते मानसून आगे नहीं बढ़ पाया है। यह 20 तक अहमदाबाद और सौराष्ट्र के कुछ इलाकों सहित अन्य हिस्सों में आगे बढ़ता है।*



### सिक्किम: 200 से अधिक पर्यटक निकाले



*गंगटोक (भाषा) सिक्किम के भूस्खलन प्रभावित मंगन जिले के लाचुंग में 200 से अधिक पर्यटकों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया गया और करीब एक हजार पर्यटक अब भी फंसे हुए हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) सोनम देचू भूटिया ने बताया कि पर्यटकों को चुंगथांग के रास्ते मंगन शहर तक पहुंचाया गया, जहां से परिवहन विभाग ने उन्हें वाहनों में गंगटोक ले जाने की व्यवस्था की है। अधिकारी ने बताया कि उत्तरी सिक्किम के लाचुंग में फंसे करीब 150 पर्यटकों को मंगलवार को और 64 पर्यटकों को सोमवार को मंगन कस्बे में सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया।*

### गोपेश्वर और गुप्तकाशी में मूसलाधार बारिश

*रुद्रप्रयाग। उत्तराखंड में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच देर शाम पहाड़ में मौसम ने करवट बदली। गोपेश्वर और गुप्तकाशी में तेज हवाओं के साथ मूसलाधार बारिश हुई। जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। वहीं, मैदानी इलाकों में चिलचिलाती धूप ने लोगों को झुलसाया। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से देहरादून समेत पौड़ी, हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर और नैनीताल जिले के कुछ स्थानों पर गर्म हवा चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। जबकि अन्य जिलों के कुछ हिस्सों में गर्म हवाओं का येलो अलर्ट जारी किया गया। ऊंचाई वाले इलाकों में 30 से 40 किमी की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना है।*

## मोदी शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस सेंटर में करेंगे योग

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



**अंतरराष्ट्रीय दिवस पर प्रधानमंत्री का दो दिवसीय प्रवास जम्मू कश्मीर में**

श्रीनगर के डल झील के किनारे जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर विश्व को जम्मू कश्मीर में शांति बहाली का प्रतीकात्मक मैसेज दे रहे होंगे तो वहीं सूबे में विधानसभा चुनाव की तैयारियों का रोडमैप भी तैयार कर रहे होंगे।

लोकसभा चुनाव में जीत और फिर सरकार का कामकाज संभालने के बाद जम्मू कश्मीर में प्रधानमंत्री गुरुवार को पहली बार पहुंचेंगे। अमरनाथ यात्रियों के लिए किए गए चाकचौबंद व्यवस्था का खुद जायजा लेंगे। सूबे की कानून व्यवस्था संभालने वाली जम्मू कश्मीर पुलिस में आत्मविश्वास भरेंगे। सुरक्षाकर्मियों को सकारात्मक संदेश देंगे। आतंकवादियों को खबरदार करेंगे। सूबे से प्रधानमंत्री कुछ भावनात्मक संदेश भी देंगे। ईद के त्योहार के बाद पहले जुमे के दिन, शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रधानमंत्री की उपस्थिति में चूंकि बड़ा जमावड़ा श्रीनगर में होगा इसीलिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सेना ने खुद अपने हाथों में संभाल ली है। केंद्रीय सुरक्षाबल और पुलिस बल सेना के समन्वय में विभिन्न मोर्चों पर तैनात रहेंगे। दस साल पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर संयुक्त राष्ट्र संघ ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया था। इस दिन तमाम देशों के प्रमुख योग के माध्यम से खुद को स्वस्थ रखने का मैसेज दुनिया भर को देते हैं। पिछले वर्ष न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र संघ के मुख्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का नेतृत्व किया था। पीएम हर दिन दशकों से योग अभ्यास करते हैं।

## सेना ने जले सैनिकों के उपचार के लिए पहली तरह का त्वचा बैंक शुरू किया

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

**स्किन ग्राफ्ट्स का भंडारण, वितरण**

भारतीय सेना ने अपनी तरह की पहली त्वचा बैंक सुविधा शुरू की है जिसका उद्देश्य सैन्यकर्मियों और उनके परिवारों के लिए गंभीर रूप से जलने और अन्य त्वचा संबंधी रोगों के उपचार में क्रांतिकारी बदलाव लाना है। रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि त्वचा बैंक में प्लास्टिक सर्जन, ऊतक इंजीनियर और विशेष तकनीशियनों सहित उच्च प्रशिक्षित चिकित्सा पेशेवरों की एक टीम काम करेगी। उसने कहा कि यहां सेना अस्पताल (रिसर्च एंड रेफरल) ने सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा में अपनी तरह की पहली त्वचा बैंक सुविधा खोलने की घोषणा की है। चिकित्सा सेवा महानिदेशक (डीजीएमएस) (सेना) और कर्नल कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल अरिंदरम चटर्जी ने इस त्वचा बैंक के उद्घाटन को सेना के सदस्यों के स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण बताया।

## मुंबई में बीच सड़क गर्लफ्रेंड की पाना मारकर हत्या, भीड़ सिर्फ देखती रही



■ आरोपित बॉयफ्रेंड ने 30 सेकंड में 15 वार किए

**पालघर(एजेंसी)।** महाराष्ट्र के पालघर में मंगलवार 18 जून को सुबह 20 साल की लड़की की उसके प्रेमी ने पाना मारकर हत्या कर दी। वसई के चिंचपाड़ा इलाके में सुबह 8.30 बजे हुई इस हत्या का वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में आरोपी रोहित यादव पीछे से दौड़ते हुए आता दिख रहा है। बाद में वह लड़की के सिर पर 30 सेकंड में करीब 15 बार पाना मारता है। सिर पर लोहे का पाना (नट-बोल्ट कसने वाला औजार) पड़ने से लड़की बेहोश हो जाती है। इसके बावजूद आरोपी रोहित उसे मारता रहता है। इतना ही नहीं, थोड़ी देर बाद वह लाश के पास बैठकर बातें करने लगता है। सरेआम हुई हत्या को लेकर वालिव पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज हुआ है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर आरोपी को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है।

## महाराष्ट्र: रील बनाने के चक्कर में खाई में गिरी कार, लड़की की मौत

**मुम्बई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में रील्स बनाने के चक्कर में एक महिला की 300 फीट नीचे खाई में गिरकर मौत हो गई। मामला औरंगाबाद जिले के सुलीभंजन का है। महिला की पहचान 23 साल की श्वेता दीपक सुरवासे के रूप में हुई है। खाई में गिरने से कुछ सेकेंड पहले का वीडियो भी सामने आया है।



■ इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल

श्वेता सोमवार (17 जून) की दोपहर करीब 2 बजे अपने 25 साल के दोस्त सूरज संजाउ मुले के साथ औरंगाबाद से सुलीभंजन हिल्स गई थी। वह सुलीभंजन में दत्त मंदिर के पास पहाड़ पर डाइविंग सीखते हुए रील्स बना रही थी। इसी दौरान गाड़ी रिवर्स करते समय यह हादसा हुआ।

## दिल्ली और पटना सहित 40 एयरपोर्ट को उड़ाने की धमकी




**नई दिल्ली।** दिल्ली और पटना सहित देश के 40 हवाईअड्डों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। यह धमकी एक ई-मेल के जरिए दी गई है। सभी एयरपोर्ट पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। धमकी भरा ई-मेल मंगलवार को दिन में मिला, जिसके बाद सुरक्षा कर्मियों को सतर्क किया गया है। जयपुर एयरपोर्ट से भी ऐसी ही खबर है। सुरक्षा एजेंसियों को सचेत किया है। संयुक्त रूप से हवाईअड्डे पर गहन जांच की। एयरपोर्ट प्रबंधन को ईमेल के जरिए बम की धमकी मिलने के बाद पुलिस और सीआईएसएफ ने परिसर की तलाशी ली। पुलिस ने कहा कि हवाईअड्डे की गहन जांच की गई, लेकिन अब तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है।

## सीएम बनर्जी ने भाजपा सांसद नागेन रॉय से की मुलाकात की

# ममता की सियासी मुलाकात से भाजपा हाईकमान की बेचैनी बढ़ी

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के सियासी कदम से मंगलवार को दिल्ली में भाजपा हाईकमान के कान खड़े हो गए। बंगाल के राजनैतिक गलियारों में बड़ी हलचल की धमक दिल्ली में भी सुनाई पड़ी। दरअसल ममता ने भारतीय जनता पार्टी के सांसद अनंत महाराज उर्फ नागेन रॉय से उनके कूचबिहार स्थित आवास पर मुलाकात की। रॉय ने चकचका पैलेस पर पारंपरिक दुपट्टे और पान पत्ते के साथ स्वागत किया।

सियासी रूप से महत्वपूर्ण मानी जा रही बैठक करीब 35 मिनट तक चली। सूत्रों का कहना है कि हाल ही हुए लोकसभा चुनाव में बंगाल में बड़ी जीत के साथ एक बार फिर अपना दबदबा साबित करने में सफल रही ममता की यह मुलाकात दूर की कौड़ी है। तृणमूल कांग्रेस से जुड़े सूत्रों का कहना है कि लोकसभा चुनाव में राज्य के भीतर भाजपा को सियासी पटकनी देने के बाद उत्साह से भरी ममता बनर्जी अब उन नेताओं को अपनी पार्टी में लाने की इच्छुक है जो राजनैतिक तौर पर मजबूत हैं और फिलहाल भाजपा में हैं। बताया जा रहा है कि बंगाल



भाजपा के कई ऐसे नेता हैं जो दीदी की राजनीति में सक्रिय हैं और भाजपा में होते हुए अब ममता दीदी के साथ जाने पर विचार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी ऐसे नेताओं पर नजर बनाये हुए है। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव में अपनी हार के बाद बंगाल भाजपा के पूर्व अध्यक्ष तथा राज्य में पार्टी के बड़े नेताओं में शामिल दिलीप घोष ने भी कुछ मुद्दों को लेकर अपनी पार्टी पर निशाना साधा था। बंगाल भाजपा में कई ऐसे नेता हैं जो विधानसभा में भाजपा विधायक दल के नेता सुवेन्दु अधिकारी के साथ छत्तीस का आंकड़ा रखते हैं। ममता चाहती हैं कि ऐसे नेताओं को टटोला जाए जो तृणमूल कांग्रेस में आ सकते हैं।

### कंचनजंगा के पीड़ितों से भी मुलाकात की

रॉय के आवास पर पहुंचने से पहले ममता ने शहर में मदन मोहन मंदिर में पूजा-अर्चना की। बनर्जी सिलीगुड़ी में उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज एव अस्पताल का दौरा करने के बाद सोमवार शाम कूचबिहार पहुंचीं, जहां उन्होंने कंचनजंगा एक्सप्रेस हादसे के पीड़ितों से मुलाकात की। कूचबिहार लोकसभा सीट पर हालिया आम चुनाव में भाजपा उम्मीदवार निसिथ प्रमाणिक को करीब 40 हजार मतों से हराकर तृणमूल कांग्रेस ने जीत दर्ज की है। चुनाव में भाजपा की हार के बाद कयास लग रहे हैं कि क्या अनंत महाराज उर्फ नागेन रॉय के क्षेत्र में नए सियासी समीकरण बन रहे हैं। जाहिर है ऐसे में भाजपा की बैचेनी बढ़ने की संभावना है। बैठक को लेकर उत्साहित रॉय ने कहा कि देखते हैं कि भविष्य में क्या होता है।

## सेशेल्स पहुंचा नौसेना का युद्धपोत सुनयना, मजबूत होंगे द्विपक्षीय संबंध

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** दक्षिण चीन सागर में लगातार बढ़ती चीन की आक्रामकता के बीच भारतीय नौसेना का अपतटीय गश्ती पोत आईएनएस सुनयना सेशेल्स के वक्टिोरिया बंदरगाह पहुंच गया है। जहां सेशेल्स के तटरक्षकबल और भारतीय दूतावास के अधिकारियों ने इसका स्वागत किया। नौसेना ने बताया कि आईएनएस सुनयना 15 जून को सेशेल्स पहुंचा था। इस यात्रा के दौरान दोनों देशों की नौसेनाओं के कर्मियों के बीच आधिकारिक-सामाजिक बातचीत और क्रास डैक यात्राएं होंगी। इस तैनाती के दौरान आईएनएस सुनयना सेशेल्स तटरक्षक के साथ संयुक्त ईईजेड निगरानी करेगा। नौसेना ने बताया कि सुनयना पोत की इस सेशेल्स यात्रा का उद्देश्य भारत के सागर विजन के अनुरूप नौसेना और सेशेल्स तटरक्षकबल के बीच सौहार्द और आपसी सहयोग को और अधिक मजबूत करना है। सुनयना पोत भारतीय नौसेना की दक्षिणी कमांड का अपतटीय गश्ती पोत है। भारत के गार्डन रीच शिपबल्डिर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) में छोटी मरम्मत पूरी हुई है।

## पुतिन 24 साल बाद नॉर्थ कोरिया पहुंच, किम जोंग ने किया स्वागत

**प्योंगयांग(एजेंसी)।** रूस के राष्ट्रपति दो दौरे पर नॉर्थ कोरिया पहुंच गए हैं। किम जोंग उन ने खुद राजधानी प्योंगयांग में सुनान इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पुतिन का स्वागत किया। ये नॉर्थ कोरिया की उनकी दूसरी यात्रा है। वे करीब 24 साल बाद मंगलवार को नॉर्थ कोरिया पहुंचे हैं। पुतिन की नॉर्थ कोरिया की संभावित यात्रा की चर्चा लंबे समय से हो रही थी। ब्रिटिश मीडिया वेबसाइट इंडिपेंडेंट के मुताबिक पुतिन और किम जोंग उन के बीच बैठक भी आयोजित हुई।



## अमेरिका और भारत के बीच दोस्ती का अनोखा रिश्ता: व्हाइट हाउस

**वाशिंगटन (भाषा)।** दुनिया के दो सबसे पुराने व सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में अमेरिका और भारत के बीच दोस्ती का एक अनूठा रिश्ता है तथा राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन का भारत दौरा सुरक्षित तथा अधिक समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र के निर्माण के लिए इस साझेदारी को और गहरा करेगा। व्हाइट हाउस ने यह बात कही। सुलिवन 17 से 18 जून तक नई दिल्ली की यात्रा पर हैं।

**राष्ट्रपति बाइडन की नई योजना से अंततः पांच लाख अप्रवासियों को मिल सकती है अमेरिकी नागरिकता**

यूएस राष्ट्रपति बाइडन चुनावी वर्ष में व्यापक कदम उठा रहे हैं जिससे अब तक बिना किसी वैध स्थिति के देश में रह रहे लाखों अप्रवासियों को राहत मिल सकती है और उनको अमेरिकी नागरिकता मिलने का रास्ता साफ हो सकता है।

### कुल 19.31 करोड़ ग्रामीण परिवार

## देश में 77 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों के पास नल जल कनेक्शन उपलब्ध

**नई दिल्ली(भाषा)।** देश में अब तक करीब 77 प्रतिशत या 14.88 करोड़ ग्रामीण परिवारों को 'नल जल कनेक्शन' उपलब्ध कराये जा चुके हैं। आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी सामने आई है। जल जीवन मिशन के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार देश में कुल 19.31 करोड़ ग्रामीण परिवार हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार 19,31,21,778 ग्रामीण परिवारों में से अब तक कुल 14,88,16,184 परिवारों को नल के पानी का कनेक्शन प्रदान किया जा चुका है। आंकड़ों से पता चलता है कि देश के 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) ने ग्रामीण क्षेत्रों में 'नल जल कनेक्शन' का 100 प्रतिशत कवरेज हासिल कर लिया है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार देश के कुल 16 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में नल जल कवरेज 75-100 प्रतिशत के बीच है और पांच राज्यों में यह कवरेज 50-75 प्रतिशत है। राजस्थान और पश्चिम बंगाल में यह कवरेज 50 प्रतिशत से कम है। केंद्र सरकार की ओर से 2019 में शुरू किए गए जल जीवन मिशन का उद्देश्य 2024 तक ग्रामीण भारत के सभी घरों में नल कनेक्शन के माध्यम से सुरक्षित और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना है।



### एक नए शोध में दावा

## भूकंप के कारण 2500 साल पहले संभवतः बदला होगा गंगा का रास्ता

**नई दिल्ली (भाषा)।** एक नए शोध में दावा किया गया है कि 2,500 वर्ष पहले आए एक भूकंप के कारण अचानक गंगा नदी का मुख्य रास्ता संभवतः बदल गया होगा। शोधकर्ताओं का कहना है कि संभवतः 7-8 तीव्रता वाले भूकंप ने नदी के मुख्य मार्ग को बदल दिया जो मौजूदा समय में भूंकप के लिहाज से संवेदनशील बांग्लादेश में है। हालांकि इस भूकंप का कोई लिखित रिकॉर्ड नहीं है। अमेरिका के कोलंबिया क्लाइमेट स्कूल के लैमोंट-डोहर्टी अर्थ ऑब्जर्वेटरी के भूभौतिकीविद एवं अध्ययन के सह-लेखक माइकल स्टेकलर ने कहा, "मुझे नहीं लगता कि हमने कभी इतना बड़ा भूकंप कहीं देखा है।" स्टेकलर ने कहा कि यह इतना प्रभावशाली था कि गलत समय और गलत स्थान पर किसी को भी आसानी से जलमग्न कर सकता था।" यह अध्ययन 'नेचर कम्युनिकेशंस' पत्रिका में प्रकाशित किया गया है। हिमालय से निकलने वाली गंगा नदी अंत में ब्रह्मपुत्र और मेघना सहित अन्य प्रमुख नदियों के साथ मिलकर बंगाल की खाड़ी में समाहित हो जाती है। अमेजन के बाद ये नदियां विश्व की दूसरी सबसे बड़ी नदी प्रणाली बनाती हैं। दुनियाभर के वैज्ञानिक नदी के मार्ग में होने वाले बदलाव को 'भू-अपदारण' कहते हैं। कई नदियों के मार्ग में बदलाव की वजह भूकंप थे जिनका दस्तावेजीकरण भी किया गया। प्रमुख खाड़ी से होकर बहने वाली अन्य नदियों की तरह गंगा भी नियमित रूप से अपना मार्ग बदलती रहती है।






हरिभूमि कम्युनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25